डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया




PG-5

# आधुनिक समाचार


प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक




PG-5

सिनेमा- जीवन में मेरा कभी 'प्लान बी' रहा ही नहीं मेरा बस 'प्लान ए' ही है


वर्ष -08 अंक -117 | प्रयागराज, गुरुवार 14 जुलाई, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये


## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका में आपातकाल और कर्फ्यू का एलान

**नई दिल्ली ।** कार्यवाहक राष्ट्रपति बोले- हम ऐसे नुकसान होते नहीं देख सकतेप्रदर्शनकारी राजपक्षे और विक्रमसिंघे का इस्तीफा मांग रहे हैं। उनका मानना है कि इसके बाद हालात सामान्य हो सकेंगे। श्रीलंका में हालात दिन-पर-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। इस बीच कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बुधवार को कहा कि देश के लोकतंत्र पर एक फांसीवादी खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें जल्द से जल्द देश की संपत्ति को हो रहे नुकसान को रोककर सब कुछ सामान्य करना होगा। उनके आधिकारिक आवास पर हुए उपद्रव के कुछ घंटों बाद उन्होंने यह बात कही। राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे के मालदीव भागने के बाद उनकी जगह कार्यवाहक राष्ट्रपति का दायित्व संभाल रहे रानिल विक्रमसिंघे ने टीवी पर अपने पहले संबोधन में कहा कि सेना और पुलिस को हर हाल में हालात पर काबू पाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हमें हर हाल में ही इस फांसीवादी खतरे से निपटना होगा। हम राष्ट्र की संपत्ति का नुकसान होते हुए नहीं देख सकते। राष्ट्रपति दफ्तर, उनके सचिव का दफ्तर और प्रधानमंत्री कार्यालय को जल्द से जल्द हमें अपने नियंत्रण में लेना होगा।

# लैंगिक समानता में भारत की स्थिति खराब पिछले साल से पांच पायदानों का फायदा

**नई दिल्ली ।** लेकिन दुनिया में 135वें स्थान परडब्ल्यूईएफ की सालाना जारी होने वाली जेंडर गैप रिपोर्ट, 2022 के मुताबिक, लैंगिक समानता में आइसलैंड अब भी सबसे ऊपर है। इसके बाद फिनलैंड, नॉर्वे, न्यूजीलैंड और स्वीडन का नंबर है। विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम) की ओर से लैंगिक समानता पर ताजा रिपोर्ट जारी की गई है। इसके मुताबिक, पिछले साल के मुकाबले भारत पुरुषों और महिलाओं को समानता दिलाने में कुछ आगे पहुंचा है। देश को वैश्विक रैंकिंग में पांच स्थानों का फायदा मिला है। इसके बावजूद भारत लिस्ट में 135वें स्थान पर है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में लैंगिक समानता के दो सूचक- महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और नए मौकों को बढ़ावा मिला है। डब्लूयूईएफ की सालाना जारी होने वाली जेंडर गैप रिपोर्ट, 2022 के मुताबिक, लैंगिक समानता में आइसलैंड अब भी सबसे ऊपर है। इसके बाद फिनलैंड, नॉर्वे, न्यूजीलैंड और स्वीडन का नंबर है। चौंकाने वाली बात यह है कि भारत की रैंकिंग सुधरने के बावजूद लैंगिक समानता के मुद्दे में सिर्फ 11 देश ही उससे नीचे हैं। यानी भारत की 135वीं रैंकिंग 146 देशों की तुलना में है। भारत से निचली रैंकिंग में अफगानिस्तान, पाकिस्तान, कॉन्गो, ईरान और चैड जैसे देश हैं। यह सभी देश रैंकिंग में सबसे नीचे के पांच पायदानों पर हैं। विश्व आर्थिक मंच ने चेतावनी दी है कि





कोरोनाकाल के बाद उपजी स्थिति से जीवनयापन के संकट से पूरी दुनिया में महिलाओं के प्रभावित होने की संभावना सबसे ज्यादा है। श्रम बल में आगे लैंगिक अंतर बढ़ने के बाद इसे कम करने में 132 साल और लगेंगे। हालांकि, 2021 में लैंगिक समानता हासिल करने में 136 साल लगने की संभावना जताई गई थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कोविड-19 ने लैंगिक समानता को एक पीढ़ी पीछे धकेल दिया है। इससे उबरने की कमजोर दर इसे वैश्विक रूप से और प्रभावित कर रही है। भारत पर डब्लूयूईएफ की रिपोर्ट में क्या डब्लूयूईएफ ने भारत पर कहा है कि यहां लैंगिक अंतर का स्कोर पिछले 16 वर्षों में सातवें सवीच्च स्तर पर दर्ज किया गया है। लेकिन यह विभिनन्न मानदंडों पर सर्वाधिक खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल है। पिछले साल से भारत ने आर्थिक साझेदारी और अवसर पर अपने प्रदर्शन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक बदलाव दर्ज किया। लेकिन श्रम बल भागीदारी 2021 से पुरूषों और महिलाओं, दोनों की कम हो गई है। महिला सांसदों/विधायकों, वरिष्ठ अधिकारियों और प्रबंधकों की हिस्सेदारी 14.6 प्रतिशत से बढ़ कर 17.6 प्रतिशत हो गई है। वहीं, पेशेवर और तकनीकी श्रमिकों के रूप में महिलाओं की हिस्सेदारी 29.2 प्रतिशत से बढ़ कर 32.9 फीसदी हो गई। अनुमानित अर्जित आय के मामले में लैंगिक समानता बेहतर हुई है। इसके अलावा पुरूषों और महिलाओं के लिए इसके मूल्य में भी कमी आई है। वहीं, इस संदर्भ में पुरूषों की तुलना में महिलाओं में अधिक कमी आई है। स्वास्थ्य-जीवन प्रत्याशा में काफी नीचे भारत राजनीतिक सशक्तिकरण के उप-सूचकांक में अंक का घटना इसलिए प्रदर्शित हुआ है कि पिछले 50 वर्षों में राष्ट्र प्रमुख के तौर पर महिलाओं की भागीदारी के वर्षों में कमी आई है। हालांकि, भारत इस उप-सूचकांक में 48वें स्थान पर है, जो कि बेहतर स्थिति है। स्वास्थ्य और जीवन प्रत्याशा सूचकांक में भारत की रैंकिंग सबसे खराब है और यह 146वीं रैंक पर है। इस मानक में भारत यह उन पांच देशों में शुमार है, जहां का लैंगिक अंतर पांच प्रतिशत से ज्यादा है। अन्य चार देश-कतर, पाकिस्तान, अजरबैजान और चीन हैं। हालांकि, प्राथमिक शिक्षा में दाखिले से लैंगिक समानता में भारत दुनिया में पहले स्थान पर है। डब्लूयूईएफ की प्रबंध निदेशक सादिया जहीदी ने कहा, "महामारी के दौरान श्रम बाजार को नुकसान पहुंचने के बाद जीवनयापन की लागत पर आये संकट ने महिलाओं को काफी प्रभावित किया है।

# क्या इन राज्यों में कांग्रेस की नैया पार लगा पाएगी गहलोत-बघेल की जोड़ी

**नई दिल्ली ।** अभी तक ऐसे रहे हैं नतीजेगुजरात के इस चुनाव में भी राजस्थान के नेताओं के हाथ बड़ी जिम्मेदारी है। यहां के प्रभारी रघु शर्मा भी राजस्थान के विधायक हैं। इसके अलावा राजस्थान के 13 मंत्रियों सहित कई अन्य विधायकों को भी गुजरात की विधानसभा सीटों का नियुक्त किया गया है कांग्रेस के सियासी भविष्य के लिए बेहद अहम माने जा रहे गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनावों में पार्टी की नैया पार कराने की जिम्मेदारी दो सबसे बड़े चेहरों को सौंप दी है। वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में राजस्थान के



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एक बार फिर गुजरात में कांग्रेस का सत्ता का सूखा खत्म करने के लिए जोर लगाएंगे। जबकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर हिमाचल प्रदेश में पार्टी की किस्मत बदलने का जिम्मा सौंपा गया है। राजस्थान के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा, छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव और पंजाब से वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा को भी बतौर पर्यवेक्षक इन राज्यों के चुनावों में भूमिका दी गई है। इन चुनावों में क्या गहलोत दिखा पाएंगे जादू 2017 के गुजरात चुनाव में भी कांग्रेस महासचिव के तौर पर अशोक गहलोत ने अहम भूमिका निभाई थी। तब उन्होंने पार्टी अध्यक्ष बने राहुल गांधी की रीलॉन्चिंग की थी। भाजपा लगातार कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण के आरोप लगा रही थी। इसका सियासी तोड़ निकालने के लिए गहलोत अपने साथ राहुल गांधी को गुजरात के सभी अहम मंदिरों में लेकर गए थे। इस चुनावी मुकाबले में कांग्रेस ने भाजपा को बेहद कड़ी टक्कर दी थी। पिछले पांच चुनावों में यह पहला मौका था, जब बड़ी मुश्किल से सत्ता में लौटी थी। भाजपा विधानसभा में सौ सीटों का आंकड़ा नहीं छू पाई थी। जबकि पार्टी ने 150 प्लस का नारा दिया था। गहलोत ने पिछले चुनावों में भाजपा को न केवल बड़ी बढ़त से रोका, बल्कि कांग्रेस को 17 सीटों पर बढ़त भी दिलाई। जबकि 2012 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 116 और कांग्रेस ने 60 सीटें जीती थीं। बहरहाल, हार्दिक पटेल जैसे कई युवा नेताओं के पार्टी छोड़ने के बाद संगठन की चुनौतियों से जूझ रही गुजरात कांग्रेस को 2022 में सत्ता की दावेदारी के लिए तैयार करना गहलोत के लिए आसान नहीं है। इस चुनावी संग्राम में टीएस सिंह देव और मिलिंद देवड़ा को गहलोत के साथ चुनावी रणनीति का संचालन करने की जिम्मेदारी दी गई है। मिलिंद देवड़ा भी लंबे अर्से से पार्टी में कोई खास भूमिका नहीं दिए जाने को लेकर नाखुश चल रहे हैं। कांग्रेस पर बारीकी से नजर रखने वाले पत्रकार आदेश रावल अमर उजाला से चर्चा में कहते हैं कि केरल, असम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा में यह बात सामने आई थी कि भाजपा के चुनाव लड़ने के सिस्टम से कांग्रेस बहुत पिछड़ी हुई नजर आती है।

# अब तक उपराष्ट्रपति के लिए क्यों नहीं घोषित हुए उम्मीदवार

**नई दिल्ली ।** जानें दो बड़े कारण छह अगस्त को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। 19 जुलाई तक नामांकन की प्रक्रिया पूरी होनी है। मतलब नामांकन के लिए अब केवल छह दिन बचे हैं, लेकिन अब तक न तो भाजपा की अगुआई वाली एनडीए और न ही विपक्ष की तरफ से कोई उम्मीदवार घोषित किया गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर क्यों अब तक उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार घोषित नहीं किए गए 1. भाजपा में मंथन, विपक्ष का इंतजार : भारतीय जनता पार्टी में उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को लेकर मंथन आखिरी





चरण में है। मुख्तार अब्बास नकवी से लेकर कई नामों पर चर्चा हो चुकी है। बताया जाता है कि 15 जुलाई तक नाम का एलान कर दिया जाएगा। वहीं, विपक्ष अभी भाजपा उम्मीदवार के घोषित होने का इंतजार कर रहा है। कांग्रेस के एक बड़े नेता ने बताया कि भाजपा उम्मीदवार के घोषित होने के बाद कोई फैसला लिया जा सकता है। राष्ट्रपति चुनाव की तरह इस बार जल्दबाजी नहीं की जाएगी। 2. सहयोगी दलों को मनाने में जुटा विपक्ष : कांग्रेस इस बार सभी विपक्षी दलों को एकजुट करने में जुटी है। बताया जाता है कि इसके लिए अलग-अलग नेताओं को लगाया गया है। राष्ट्रपति चुनाव की तरह इस बार विपक्ष न बिखरे इसके लिए कोशिश हो रही है। भाजपा किसे बना सकती है उम्मीदवार उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को लेकर भाजपा की रणनीति समझने के लिए हमने भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के एक नेता से संपर्क किया। उन्होंने बताया, 'उपराष्ट्रपति का उम्मीदवार उत्तर, पश्चिम या पूर्वोत्तर भारत के किसी राज्य से हो सकता है। हालांकि, पार्टी का फोकस दक्षिण के राज्यों पर भी है। ऐसे में उपराष्ट्रपति का उम्मीदवार भी दक्षिण से बनाया जा सकता है।उन्होंने कहा 'कई राज्यों के अलग-अलग नामों पर मंथन चल रहा है। देश के इतिहास में आज तक कोई महिला उपराष्ट्रपति नहीं रहीं हैं। संभव है कि इस बार इतिहास बनाया जाए। अगर ऐसा होता है तो ये एक नया रिकॉर्ड होगा। पहली बार ऐसा होगा जब देश में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति दोनों ही महिला होंगी।' राजनीतिक विश्लेषक प्रो. अजय बताते हैं कि भाजपा की तरफ से किसी महिला के अलावा, सिख, मुस्लिम, ओबीसी या सामान्य वर्ग के संभावित नामों पर भी चर्चा हो रही है। इसके अलावा नॉर्थ ईस्ट से भी किसी को प्रत्याशी बनाया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो पहली बार नॉर्थ ईस्ट से कोई उपराष्ट्रपति बनेगा। अगर नामों की बात करें तो अब तक मुख्तार अब्बास नकवी, आरिफ मोहम्मद खान, नजमा हेपतुल्ला, आनंदीबेन पटेल, बीएस येदियुरप्पा, कैप्टन अमरिंदर सिंह, एस एस आलुवालिया समेत कई अन्य नामों की भी चर्चा हो चुकी है। अब चुनाव के बारे में जान लीजिए 1. संसद के दोनों सदनों के सदस्य वोट डालते हैंः उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सदस्यों से मिलकर बनने वाले निर्वाचक मंडल यानी इलेक्टोरल कॉलेज के जरिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति से होता है। संसद के दोनों सदनों के सदस्य इसमें हिस्सा लेते हैं। राष्ट्रपति चुनाव में निर्वाचित सांसदों के साथ-साथ विधायक भी मतदान करते हैं, लेकिन उपराष्ट्रपति चुनाव में केवल लोकसभा और राज्यसभा के सांसद ही वोट डाल सकते हैं। 2. मनोनीत सांसद भी डाल सकते हैं वोटः राष्ट्रपति चुनाव में मनोनीत सांसद वोट नहीं डाल सकते हैं, लेकिन उपराष्ट्रपति चुनाव में ऐसा नहीं है। उपराष्ट्रपति चुनाव में ऐसे सदस्य भी वोट कर सकते हैं। राज्यसभा में 12 मनोनीत सदस्य होते हैं। अभी इनमें से तीन खाली हैं। हालांकि, उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले इन तीन सीटों को भरा जा सकता है। अब आंकड़ो से जानिए कितने सदस्य वोट डालेंगे अभी लोकसभा में सदस्यों की संख्या पूरी है। मतलब पूरे 543 सांसद हैं। वहीं, राज्यसभा में कुल 245 सदस्य होते हैं। इनमें 12 नामित सांसद रहते हैं। मौजूदा समय में आठ सीटें खाली हैं। इनमें चार जम्मू कश्मीर विधानसभा भंग होने के कारण जबकि एक सीट त्रिपुरा के नए मुख्यमंत्री बने माणिक साहा ने छोड़ी है। तीन अन्य नामित सदस्यों की सीट भी खाली है। सरकार उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले नामित सदस्यों के लिए खाली सीटें भर सकती है। इस लिहाज से उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राज्यसभा वोटर्स के आंकड़े सामने आते हैं। पहला ये कि मौजूदा स्थिति में चुनाव में 237 राज्यसभा सांसद वोट करेंगे। दूसरा यह कि 240 सदस्य वोट कर सकते हैं। 240 सदस्य तब वोट करेंगे जब नामित सदस्यों के तीन खाली पदों को भर दिया जाए।

# कौन हैं पसमंदा मुस्लिम, जिनका जिक्र पीएम मोदी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में किया

**नई दिल्ली ।** भाजपा को कैसे फायदा तेलंगाना के हैदराबाद में जारी भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पीएम मोदी ने मंत्र दिया था कि पार्टी को यूपी में मुसलमानों



पर ध्यान देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हैदराबाद में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे समाज के हर तबके की आकांक्षाओं को पूरा करने का बीड़ा उठाएं। पीएम ने कहा कि इसके लिए भाजपा नेताओं को सभी तबकों से संपर्क बढ़ाना चाहिए और दलित और पिछड़े मुस्लिमों का समर्थन जुटाने की कोशिश भी करनी चाहिए। इस दौरान पीएम ने पसमंदा मुस्लिमों का खासतौर पर जिक्र किया। गौरतलब है कि पीएम मोदी ने पसमंदा मुस्लिमों का जिक्र ऐसे समय में किया है, जब उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ कैबिनेट में बलिया के नेता दानिश अंसारी को अल्पसंख्यक मंत्रालय में राज्यमंत्री का पद सौंपा है। चौंकाने वाली बात यह है कि अंसारी पूरे कैबिनेट में इकलौते मंत्री हैं। वे इसी पसमंदा समुदाय से आते हैं। ऐसे में यह जानने वाली बात है कि आखिर पसमंदा मुस्लिम कौन हैं आखिर क्यों मोदी सरकार ने इन्हें अपनी प्राथमिकता करार दिया है इसके अलावा मुस्लिमों में इस समुदाय की क्या अहमियत है कौन हैं पसमंदा मुस्लिम पसमंदा एक फारसी शब्द है, जिसका अर्थ है 'पीछे छूटा हुआ'। उत्तर प्रदेश, बिहार और भारत के कुछ अन्य हिस्सों में पिछड़ी जाति के मुस्लिमों को इसी पसमंदा शब्द से पहचाना जाता है। दरअसल, एशिया के मुस्लिमों में जाति व्यवस्था बिल्कुल उसी तरह लागू है, जिस तरह भारत के हिंदू समाज में। भारत में रहने वाले मुस्लिमों में 15 फीसदी उच्च वर्ग या सवर्ण माने जाते हैं। इन्हें अशरफ कहा जाता है। माना जाता है कि यह मुस्लिम अफगानिस्तान और मध्य एशिया से आए और हिन्दू उच्च वर्ग से धर्मांतरण कर मुस्लिम बने। इनमें शेख, सैयद, मिर्जा, मुगल और खान शामिल हैं। मुस्लिमों में 15-20 फीसदी आबादी इसी तरह मुस्लिमों में बिरादरियां भी बंटी होती हैं। जैसे सैयद बिरादरी को सवर्णों में हिंदू की ब्राह्मण जाति जैसा स्तर मिला है। लेकिन इसके अलावा बाकि बचे 85 फीसदी अरजाल और अजलाफ यानी दलित और पिछड़ी जाति के ही माने जाते हैं। अरजाल वे मुस्लिम कहे जाते हैं, जो पिछड़ी जातियों के हिंदू धर्म बदलकर मुस्लिम बने और अरजाल वे मुस्लिम हैं जो दलित-अति पिछड़ी हिंदू जातियों से मुस्लिम बने। इन्हें मुस्लिमों में सबसे पिछड़ा और कमजोर तबका कहा जाता है। पसमंदा शब्द को मुस्लिमों ने 1998 में अपनाया।

# मालदीव से सिंगापुर जा सकते हैं राजपक्षे विक्रम सिंघे बोले

**नई दिल्ली ।** हम हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठ सकतेश्रीलंका इन दिनों एतिहासिक आर्थिक संकट से जूझ रहा है। यहां के राष्ट्रपति भवन पर जनता ने कब्जा जमा लिया है। इस बीच खबर है कि राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे आज सुबह कोलंबो से मालदीव भाग निकले हैं। वायुसेना के विशेष विमान से वह अपनी पतनी व दो अंगरक्षकों के साथ मुल्क से फरार हो गए हैं। आज गोतबाया को राष्ट्रपति पद से



इस्तीफा भी देना था।सूत्रों के अनुसार श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे आज सुबह मालदीव के लिए रवाना हुए थे। इसके बाद उन्हें आज ही सिंगापुर के लिए रवाना होना है।अमेरिकी दूतवास ने श्रीलंका में आज और कल के लिए सभी कांसुलर सेवाओं को सस्पेंड कर दिया है। दूतावास की ओर से ट्वीट किया गया कि सतर्कता बरतते हुए कांसुलर सर्विस को रद्द कर दिया गया है। यह आज दोपहर से गुरुवार तक लागू रहेगा। असुविधा के लिए हमें खेद है।श्रीलंका में हालात दिन-पर-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। इस बीच कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बुधवार को कहा कि देश के लोकतंत्र पर एक फांसीवादी खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें जल्द से जल्द देश की संपत्ति को हो रहे नुकसान को रोककर सब कुछ सामान्य करना होगा। उनके आधिकारिक आवास पर हुए उपद्रव के कुछ घंटों बाद उन्होंने यह बात कही। राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे के मालदीव भागने के बाद उनकी जगह कार्यवाहक राष्ट्रपति का दायित्व संभाल रहे रानिल विक्रमसिंघे ने टीवी पर अपने पहले संबोधन में कहा कि सेना और पुलिस को हर हाल में हालात पर काबू पाने के आदेश दिए हैं।श्रीलंका के संसद अध्यक्ष का कहना है कि राष्ट्रपति गोतबया राजपक्षे आज अपने वादे के मुताबिक इस्तीफा देंगे। इस बीच श्रीलंकाई मीडिया की रिपोर्ट में दावा किया गया कि श्रीलंका का राष्ट्रीय टीवी चैनल रूपवाहिनी कॉरपोरेशन के प्रसारण को रोका गया। कोलंबो में प्रदर्शनकारियों से अपने परिसर के घिर जाने के बाद चैनल ने प्रसारण को रोक दिया।

# वयस्कों के लिए कोविड टीकों की एहतियाती खुराक अब पूरी तरह मुफ्त

**नई दिल्ली ।** लेकिन इस शर्त का रखें ख्याल15 जुलाई से इसके लिए विशेष अभियान शुरू होगा। 75-दिवसीय इस अभियान के तहत सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर कोविड वैक्सीन की मुफ्त अतिरिक्त खुराक दी जाएगी। देश में नए सिरे से बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच सरकार ने 18-59 साल के लोगों को कोविड टीकों की मुफ्त एहतियाती खुराक(ाा र्जेम्लूदह् दौ) देने का फैसला किया है। 15 जुलाई से इसके लिए विशेष अभियान शुरू होगा। 75-दिवसीय इस अभियान के तहत सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर कोविड वैक्सीन की मुफ्त अतिरिक्त खुराक दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को बताया कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए सरकार ने अमृत महोत्सव के रूप में कोविड की एहतियाती खुराक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह



अभियान चलाने का फैसला किया है। अगले 75 दिनों में हम इस अभियान को पूरा करने की कोशिश करेंगे।अब तक 1 फीसदी से कम को एहतियाती खुराक लगी देश में 18-59 साल की उम्र के 77 करोड़ लोगों को एहतियाती खुराक दी जाना है। इसमें से अब तक 1 फीसदी से भी कम को एहतियाती खुराक दी गई है। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि हालांकि, 60 वर्ष और उससे अधिक आयु की अनुमानित 16 करोड़ पात्र आबादी के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं में से लगभग 26 फीसदी को बूस्टर खुराक लग चुकी है। टीके के छह माह बाद कम हो जाता है एंटीबॉडी का स्तरएक अधिकारी ने बताया कि देश के अधिकांश लोगों को करीब नौ महीने पहले कोविड टीकों की दूसरी खुराक लगी है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (घ्र्श्ें) और अन्य अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थानों के अध्ययनों में सुझाव दिया गया है कि दोनों खुराक लगने के लगभग छह महीने बाद व्यक्ति के शरीर में एंटीबॉडी का स्तर कम हो जाता है। ऐसे में बूस्टर या एहतियाती खुराक देने से प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत होता है। इसलिए सरकार ने 75 दिन तक एक विशेष अभियान शुरू करने का फैसला किया है। इसके तहत सरकारी केंद्रों पर 18 से 59 साल के लोगों को निशुल्क एहतियाती खुराक दी जाएगी। हाल ही में घटाया गया था अंतराल बता दें, पिछले सप्ताह ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड टीकों की दूसरी एहतियाती खुराक के बीच के अंतर को 9 माह से घटाकर 6 माह कर दिया है। यानी दूसरी लगवाने के छह माह बाद बूस्टर खुराक ली जा सकती है। यह फैसला टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी परामर्श समूह (र्ऋँउघ) की सिफारिश के आधार पर किया गया। अभी चल रहा हर घर दस्तक अभियान 2.0 टीकाकरण तेज करने और बूस्टर खुराक को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार ने 1 जून से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 'हर घर दस्तक अभियान 2.0' के दूसरे दौर की शुरुआत की थी। दो महीने का यह अभियान अभी चल रहा है।सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भारत की 96 फीसदी आबादी को कोविड वैक्सीन की पहली खुराक दी जा चुकी है जबकि 87 फीसदी लोगों ने दोनों खुराक ले ली है।

# लालगंज कोतवाली के पास चोरों ने दुकान का तोड़ा ताला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़।**थाना कोतवाली लालगंज से लगभग 500 मीटर पूर्व की ओर कस्बे में स्थित बैंक ऑफ इंडिया के सामने कॉस्मेटिक की दुकान का चोरों ने ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। चोरों ने एक ताला तो तोड़ दिया लेकिन दूसरा ताला तोड़ने में वह कामयाब नहीं हुए दूसरा ताला या हो सकता है किसी आहट मिलने से चोर अपने मकसद में कामयाब न हुए हों लेकिन पुलिस की पेट्रोलिंग पर एक सवालिया निशान है। इस कस्बे के सुनील कुमार सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह ने थाना कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी कॉस्मेटिक की दुकान में चोरों ने ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया।सुबह जब वह दुकान खोलने गए तो दुकान का एक ताला टूटा हुआ था दूसरे ताले पर हथौड़े की चोट थी।उनकी दुकान बैंक ऑफ इंडिया के सामने इंडिया नंबर 1 एटीएम के बगल में है।बताते हैं कि लगभग डेढ़ साल पहले इंडिया नंबर 1 एटीएम की मशीन को भी चोरों ने गैस कटर द्वारा काट दिया था।इस तरह की घटना ठीक कोतवाली के बगल होने पर पुलिस की पेट्रोलिंग एवं बैंक के चौकीदार पर प्रशनचिह्न लगना स्वाभाविक है।दुकानदार का कहना है की इस तरह की घटनाओं से दुकानदारी करना बड़ा मुश्किल हो गया है।

# वाराणसी हाईवे की एक लेन कांवडियों के लिए रिजर्व

**प्रयागराज।** 30 दिन के लिए व्यवस्था लागूकानपुर से वाराणसी की ओर जाने वाले वाहन फतेहपुर से लालगंज, रायबरेली, प्रतापगढ़, मछलीशहर, जौनपुर मडियाहू होकर वाराणसी जाएंगे और वापसी भी इसी मार्ग से होगा लखनऊ से वाराणसी की ओर जाने वाले वाहन रायबरेली, ऊंचाहार, जौनपुर होकर जाएंगे और इसी रास्ते से उनका आना भी होगा। प्रतापगढ़ की ओर से वाराणसी की ओन जाने वाले वाहन वाया रायबरेली, ऊंचाहार, मछलीशहर, जौनपुर, मडि.याहू आवागमन करेंगे रीवा की ओर से वाराणसी जाने वाले वाहन घूरपुर, नैनी, मिर्जापुर होकर जाएंगे और इसी रास्ते से वापसी भी होगी। वाराणसी से कानपुर की ओर आने वाले वाहन हंडिया-कोखराज बाईपास होते हुए गुजारे जाएंगे। शहर में माल लोड या अनलोड करने वाले वाहन नवाबगंज बाईपास से फाफामऊ, तेलियरगंज, लोकसेवा आयोग होकर शहर क्षेत्र में प्रवेश करेंगे रीवा रोड से प्रयागराज होकर लखनऊ/कानपुर जाने वाले वाहन चित्रकूट, बांदा, चौहगरा, फतेहपुर होकर आवागमन कर सकेंगे। मिर्जापुर से कानपुर/लखनऊ जाने वाले वाहन औराई, भदोही होकर राष्ट्रीय हाईवे से जाएंगे।कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्रयागराज-वाराणसी हाईवे की एक लेन कांवडियों के लिए रिजर्व कर दी गई है। इसके तहत शहर से वाराणसी की ओर जाने वाली लेन पर केवल कांवडिये या उनके वाहन ही चल सकेंगे। बुधवार आधी रात से ही इस लेन को सामान्य वाहनों के लिए बंद कर दिया गया और यह व्यवस्था अगले 30 दिनों तक लागू रहेगी। इस अवधि में सामान्य वाहनों का आवागमन वाराणसी से प्रयागराज आने वाली लेन से ही हो सकेगा। यह नहीं, भारी कॉमशिय्ल वाहनों की शहर में इंट्री पर रोक रहेगी। 14 जुलाई यानी बृहस्पतिवार से सावन माह की शुरुआत हो रही है। इसी के साथ ही कांवड़ यात्रा की भी शुरुआत होगी। इस दौरान जिले के साथ ही आसपास के जनपदों से भी बड़ी संख्या में कांवडियों का जत्था वाराणसी स्थित बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए रवाना होगा। इसी को देखते हुए कांवडि.यों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए वाराणसी हाईवे पर एक माह के लिए ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया है। इसके तहत हाईवे की प्रयागराज-वाराणसी लेन को कांवडियों के लिए रिजर्व कर दिया गया है। इस लेन पर केवल कांवडिये ही जा सकेंगे। जबकि सामान्य वाहन व वाराणसी-प्रयागराज लेन से आवागमन करेंगे। यातायात पुलिस के अफसरों ने बताया कि बुधवार आधी रात से ही यह व्यवस्था लागू कर दी गई है। जो 14 जुलाई से 13 अगस्त तक प्रभावी रहेगी। शास्त्री ब्रिज पर रस्सी से बनाया जाएगा डिवाइडर पुलिस अफसरों ने बताया कि फिलहाल हाईवे की वाराणसी-प्रयागराज लेन पर दोनों ओर से वाहनों का आवागमन होगा। डायवर्जन लागू होने के पहले दिन वाहन सामान्य तरह से गुजारे जाएंगे। इस दौरान कहीं भी व्यवधान की सूचना मिलती है तो इस लेन को भी रस्सी लगाकर दो हिस्सों में बांटा जाएगा। एसपी ट्रैफिक अरुण कुमार दीक्षित ने बताया कि शास्त्री ब्रिज पर यातायात को सुचारू रखने के लिए जरूरत पड़ती है तो रस्सी से डिवाइडर बनाया जाएगा। गंगा घाटों पर मोबाइल टीमें करेंगी गश्त उधर, जल लेने के लिए आने वाले कांवडियों की सुरक्षा को देखते हुए गंगा घाटों पर चौकसी बढ़ा दी गई है। पुलिस अफसरों ने बताया कि दशाश्वमेध, संगम समेत अन्य घाटों पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए मोबाइल टीमों को लगाया गया है। यह टीमें लगातार घाटों पर गश्त करेंगी। एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि दारागंज थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है।



# ध्यान योग जन जागृति सेवा संस्थान द्वारा आयोजित परम उत्सव गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** सत्संग साधना शिविर के आज द्वितीय दिन गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रातः भव्य शोभायात्रा प्रयागराज के शहर में निकाली गई जिसमें पूज्य गुरुदेव श्री स्वामी कमलेश्वरानंद जी के एवं ब्रह्मप्रिया मां नम्रता कमलिनी जी के सानिध्य में साहचर्य में एवं गुरु पूर्णिमा शिविर के प्रमुख संयोजक श्री लालू मित्तल जी के नेतृत्व में बड़ी ही भव्य एवं सुंदर शोभायात्रा निकली जिसमें पूरे भारतवर्ष से आए हुए साधक से श्रेष्ठ सृजन एवं प्रयागराज क्षेत्र के वरिष्ठ जन भी शामिल हुए,प्रयागराज प्रशासन का भी बहुत बड़ा सहयोग बहुत ही सुरक्षित एवं सुंदर तरीके से शोभायात्रा को सुचारू रूप से गति प्रदान करने के लिए संस्थान आभार व्यक्त करता है। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में पूज्य श्री गुरुदेव ने बताया कि गुरु अमरता का वह प्रतीक है जिन्हें ईश्वर ने स्वयं माध्यम बनाया इस जगत को ज्ञान रूपी आभूषण से सजाने के लिए प्रारंभ भी गुरु से और अंत भी उसी में इसलिए कहा गया यदि ज्ञान ना हो तो मनुष्य का जीवन कैसा होगा जरा सा विचार कीजिए विविध रूप विद नाम के माध्यम से जनमानस में प्रेरणा का स्रोत पुनर वृत्ति है गुरु उस प्रभु की और बार-बार घटता है मात्र जीवों के कल्याण हेतु स्वयं की उधार की प्रवृत्ति भी सृष्टि के कार्य में सहायक इसलिए जीवन उद्धार के संबंध में अवश्य विचार करें प्रेम से समर्पण से जीवन को संपोषित करें चलो थोड़ा निर्भर हो जाते हैं आप की तो आदत हो गई है दिन-रात बोझ धोने की और हम तो निर्भर होने की कला सिखाते हैं कोई मौके भार से दबा है कोई सम्मान कोई धन के लालच में पड़ा है और दिन रात एक किए पड़ा है कि कैसे सबसे अधिक धनवान मैं ही बन जाऊं आप सब कारण हो ऐसे समाज के निर्माण में चलते तो सामान्य हैं पर उस पर ढंग से चलना और सामान्य है तुम रोटी की सोचो यह सामान्य आवश्यकता है पर तुम ही दुनिया की सारी रोटियां खा लो यह सामान्य सी बात है आज का मनुष्य ऐसा ही है सब पर अपना ही राज दूसरा आए वहां तो तुम जल उठते हो फिर बहाने ढूंढते हो स्वयं को समझाने का मार्ग ढूंढते हो जीवन इसी में बीत रहा है आनंद कहीं दूर हो गया है अब अंधकार ऐसा भारी है तुम्हारा कि तुम अंधकार ही तो इकट्ठा करने में लगे हो क्या बड़ा है तुम्हारी नजर में पाए भी तो कुछ ऐसा पाय भी तुम ऐसा जिसे तुम खो नहीं सकते मरे तो छोड़कर ही जाना पड़ेगा तुम्हारे जीवन का उद्देश्य नश्वरता हो गई है तुम्हारी अपनी छवि समाप्त तुम तो बस घर संसार के लिए जी रहे हो बस वही उद्देश्य है जीवन का एक दिन जब बच्चा उठकर यह कहेगा कि क्या हो तो घबराना नहीं क्योंकि तुम जो कर रहे हो उसका परिणाम वही है तुम उसे भी तुम वही सिखा रहे हो बाहर से पूरे जीवन किस कार्य में आनंद खो जाए शांति हो जाए फिर ऐसे कार्य का अर्थ कहा तुम कहते हो इतना किया तुम्हारे लिए तुम ऐसा कर रहे हो तुम्हारा पिता भी यही सोच रहा है इसके लिए इतना किया ऐसा बोल रहा है पीढ़ी दर पीढ़ी परंपरा आगे बढ़ रही है घबराओ नहीं तुम जो किए हो उसी का परिणाम है कृत्य का ही तो परिणाम मिलता है तुम्हारे मौत पर मुझे लगेगा तुम मरे तो अच्छा हुआ निर्भर हुए तुम जो कि तुम जो कर रहे थे जब तुम छोटे थे तो माशा स्वत लगती थी जब बड़े हुए भाई-बहन विवाह हुआ पतने और बच्चे हुए अब वह उद्देश्य बन गए तुम्हारे तुम कहां हो तुम अपने उद्देश्य बन गए तुम्हारे उद्देश्य तो तुम कभी बने ही नहीं जो शाश्वत है वह तुम्हें कभी शासक लगा ही नहीं क्या खेल है कब समझोगे चलो थोड़ा मूक करो शाश्वत की ओर जीवन जब संसार में नहीं तो संबंध कैसे होगा अगर शुरू में ही सरस्वता को समझ लिया जाए तो दुख समाप्त हो जाए पर व्यर्थ में उलझने की आदत जो लगी है तुम्हें तुम अपने पिता को पागल समझते हो तुम्हारा बेटा तुम्हें तुम अपनी मां को ना समझती हो तुम्हारी बेटी तुम्हें रिश्तो के खेल में उलझा इंसान अंधकार इतना भारी है तो मैं कह रही हूं पर इतना जल्दी हो जाएगा कहां सिर्फ 2 दिन में कैसे इसके लिए तुम्हें पूरा समय देना पड़ेगा जीवन को समझना पड़ेगा समझे तो ही जीवन की पूर्णता बढ़ते क्रम में और बदलते रिश्ते सब जीवन पर बोझ चलो थोड़ा विलग होकर जीवन को समझते हैं समझना और शिकार करना तुम कभी किसी के हुए नहीं तो तुम्हारा अपना कौन होगा तुम जिससे शरीर पाए जिससे स्वास्थ पाए धीरे-धीरे भुला दिए फिर बढ़ते क्रम में वही आदत जीवन के समय उद्देश्य को समझें जाने और जी और जीएं पूज्य श्री गुरुदेव ने सभी सदस्यों को परमात्मा ब्रह्म सिद्धि दीक्षा इस गुरु पूर्णिमा पर प्रदान किया जिससे सभी अपने जीवन के उद्देश्य को संपूर्ण कर सकें आनंद में प्रेम में जीवन जी सकें।कार्यक्रम प्रमुख संयोजक श्री लालू मित्तल जी श्रीमती श्वेता मित्तल जी, श्री युगल किशोर मिश्रा जी आदि उपस्थित रहे।



# तेजी से बढ़ती आबादी पर जताई चिंता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** इनरव्हील क्लब ऑफ इलाहाबाद उदीशा की ओर से विश्व जनसंख्या दिवस प टॉक शो का आयोजन रविवार को जार्ज टाउन स्थित सिद्धेश्वरी अपार्टमेंट में किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए जनहित अस्पताल की निदेशिका डॉ. व्यंजना पाण्डेय ने तेजी से बढ़ती जनसंख्या पर चिंता जताते हुए उपस्थित महिलाओं को परिवार नियोजन के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि उम्र और बच्चों के हिसाब से परिवार नियोजन कैसे करें। उन्होंने महिलाओं के प्रशनें के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। कार्यक्रम का संचालन क्लब की प्रेसिडेंट डॉ. अमृता अग्रहरी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन क्लब की आडिटर स्वाति अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्य शालिनी अस्थाना, शैली जैन, मोनिका जायसवाल, सारिका राठौर, शालिनी गुप्ता, निधि यशार्थ, रजनी गोयल सहित विभिन्न विधाओं की करीब 50 से अधिक महिलाएं इस अवसर पर उपस्थित थी।




# पकड़ा गया मालकिन की जान लेने वाला पिटबुल डॉग

**लखनऊ।** नगर आयुक्त की अपील-हिंसक कुत्ते न पालेंमालकिन की जान लेने वाले पिटबुल श्वान को नगर निगम की टीम ने गुरुवार को पकड़ लिया। उसे श्वान केंद्र ले जाया गया है। हमला कर मालकिन की जान लेने वाला पिटबुल डॉग बृहस्पतिवार को पकड़ लिया गया। बुधवार को पीडि.त परिवार के घर से बाहर होने के कारण ऐसा नहीं किया जा सका था। नगर निगम की टीम ने बृहस्पतिवार को कैसरबाग स्थित बंगाली टोला में पिटबुल को पकड़ लिया और जरहरा स्थित श्वान केंद्र में लेकर चली गई। नगर निगम के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व संयुक्त निदेशक पशु कल्याण डॉ. अरविंद राव व पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि बुधवार को टीम पिटबुल को पकड़ने गई थी, लेकिन परिवारवाले अस्थि विसर्जन के लिए बाहर गए थे। पशु चिकित्सक डॉ. अभिनव वर्मा ने कहा कि इस पिटबुल का लाइसेंस बना है कि नहीं, अभी साफ नहीं हो पाया है। लाइसेंस बनाने का काम प्राइवेट पशु चिकित्सक करते हैं।



# इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रमोशन की मांग कर रहे छात्रों को पुलिस ने खदेड़ा, मची भगदड़

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रमोशन की मांग को लेकर कई दिनों से परीक्षा नियंत्रक कार्यालय पर प्रदर्शन कर रहे सनतक के छात्रों की बुधवार को विवि प्रशासन के अधिकारियों और पुलिस से तीखी बहस के बीच धक्कामुक्की हुई। पुलिस ने लाठी पटककर छात्रों को खदेड़ा तो भगदड़ मच गई। इस मामले में कुलानुशासक ने दो नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ पीछा करके धक्कामुक्की, अभद्र टिप्पणी करने, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में कार्य बाधा उत्पनन करने, परिसर में अशांति फैलाने के आरोप में कर्नलगंज थाने में तहरीर दी है। इस मामले में देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया गया। छात्रों का आरोप है कि वह परीक्षा नियंत्रक कार्यालय पर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे। वह शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन देने जा रहे थे तभी प्रदर्शन समाप्त करने का जबरन दबाव डाला गया। छात्र नहीं माने तो पुलिस ने लाठी भांजनी शुरू कर दी। इसमें कई छात्रों को चोट आई। इससे नाराज छात्रों ने कर्नलगंज थाने का भी घेराव किया। इविवि में प्रमोशन की मांग को लेकर छात्र परीक्षा नियंत्रक कार्यालय का घेराव और प्रदर्शन कर एसाइनमेंट आधारित परीक्षा कराने की मांग पर अड़े हैं। मंगलवार को भी छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा था। बुधवार को सुबह से ही बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा नियंत्रक कार्यालय पर प्रदर्शन कर रहे थे। कुलानुशासक हर्ष कुमार के मुताबिक सायं पांच बजे प्रॉक्टर धरना स्थल से अपने कार्यालय की ओर आ रहे थे तभी एकत्रित भीड़ का नेतृत्व कर रहे अमित कुमार पांडेय व आयुष गुप्ता ने पीछा कर धक्कामुक्की का प्रयास किया और अभद्र टिप्पणी की। वहीं छात्रों का आरोप है कि विवि प्रशासन शांतिपूर्ण प्रदर्शन को पुलिस का भय दिखाकर खत्म कराना चाहता है। इसके तहत लाठी चार्ज हुआ। इससे भगदड़ मच गई और कई छात्र जख्मी हुए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ घटनाक्रम इविवि में परीक्षा नियंत्रक कार्यालय पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और प्रॉक्टर के बीच धक्कामुक्की का वीडियो सोशल मीडिया के विभिनन प्लेटफार्मों पर वायरल हुआ। इस वीडियो को टिवटर, फेसबुक, व्हाट्सएप पर वायरल किया जा रहा है। वीडियो को वायरल कर यह बताया जाता जा रहा है कि कैसे विवि प्रशासन जबरन शांतिपूर्ण प्रदर्शन को खत्म कराना चाहता है। छात्रों की यह है मांग छात्रों की मांग है कि कि एसाइनमेंट आधारित परीक्षा कराके कम से कम 60 फीसदी अंक देकर सत्र को पटरी पर लाया जाए या उन्हें द्वितीय वर्ष में प्रमोट किया जाए। छात्रों ने कहा कि परीक्षा के सिलेबस के हिसाब से कक्षाएं बहुत कम चलीं हैं और अगर इसी आधार पर परीक्षा हुई तो उन्हें बहुत नुकसान होगा। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सोमवार को परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जा चुका है, जिसके अनुसार सनतक की ऑफलाइन परीक्षाएं पांच अगस्त से शुरू होने जा रहीं हैं।



# पुलिस भर्ती बोर्ड के सीसीटीवी फुटेज की जांच का आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कई ऐतिहासिक फैसलों का जिक्र करते हुए कहा कि अंतरिम आदेश केमाध्यम से बर्खास्तगी आदि के आदेश को अदालत में लंबित कार्यवाही केदौरान रोका नहीं जाना चाहिए। कोर्ट ने मामले में एकल पीठ के बर्खास्तगी पर रोक लगाने के आदेश को रद्द कर दिया। कहा कि याची का मामला विचाराधीन मामले के अधीन होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने मेरठ के वाइस चेयरमैन एब्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेकनेलॉजी बनाम यूपी राज्य और 4 अन्य की विशेष अपील पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि क्योंकि याची अब अपने दायित्वों का निर्वहन पहले से ही कर रहा है तो उसे रोका नहीं जाएगा और उसे वेतन का भुगतान किया जाएगा। लेकिन उसकी बर्खास्तगी का आदेश विचाराधीन मामले के अधीन होगा। मामले में याची की ओर से अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी और विभु राय ने बहस की। उनका तर्क था कि चेयरमैन ने छह अप्रैल 2021 को बर्खास्त कर दिया था। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। बीच में प्रतिवादी की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए एकल पीठ ने एक अंतरिम आदेश पारित कर बर्खास्तगी पर रोक लगा दी और उसे सेवा के लिए बहाल करते हुए वेतन के भुगतान का आदेश दे दिया। इससे विचाराधीन मामले का कोई औचित्य ही नहीं रह गया। इस पर चेयरमैन ने याचिका दाखिल की। याचिका में कहा गया कि एकल पीठ द्वारा इस तरह का अंतरिम आदेश पारित नहीं किया जाना चाहिए था। इस तरह के आदेश से विचाराधीन मामले में निणर्य लेने के लिए कुछ भी शेष नहीं रहेगा। खंडपीठ ने याचिका को स्वीकार करते हुए एकल पीठ के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा कि कर्मचारी की बर्खास्तगी का आदेश विचाराधीन मामले के अधीन होगा।



# ओवैसी के बयान पर पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ ने दी प्रतिक्रिया

**प्रयागराज।** मुस्लिम समाज के लोग नियंत्रित करें जनसंख्या प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं शहर पश्चिम विधानसभा के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि बीते कई दशक तक देश में मुस्लिम समाज की जनसंख्या हिंदु समाज से तीन गुना अधिक बढ़ी। मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं को चाहिए कि वह लोगों को जागरूक करें और जन जागरण में सहयोग दें। आह्वान किया जाए कि मुस्लिम समाज के लोग जनसंख्या को नियंत्रित करें। सिद्धार्थ नाथ ने यह बातें संवाददाताओं से कही। राजापुर स्थित अपने जिन आवास पर संवाददाताओं से वार्ता कर रहे सिद्धार्थ नाथ ने आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की उस बयान पर प्रतिक्रिया दी जिसमें उन्होंने कहा कि ज्यादातर मुस्लिम गर्भनिरोधक का प्रयोग कर रहे हैं। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि ओवैसी को भी इस कार्य के लिए आगे आना चाहिए। वह सच्चाई स्वीकार करें और समाज के लोगों को भ्रमित न करें। जो गलत है उसे माने और ठीक करने में सहयोगी बनें। सिद्धार्थ नाथ ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी यही कहा है कि अनियंत्रित जनसंख्या विकास अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक है। हिंदुओं की तरह मुस्लिम समाज को भी चाहिए कि छोटे परिवार का सिद्धांत अपनाएं। यह भी देशभक्ति है। एक अन्य सवाल के जवाब में पूर्व मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी अशोक स्तंभ का लोकार्पण किया है, वह राष्ट्रीय प्रतीक है। सारनाथ में लगे स्तंभ की ऊंचाई कम है, जबकि नई संसद में जो अशोक स्तंभ स्थापित हुआ है उसकी ऊंचाई ज्यादा है। इसी वजह से लोगों को भ्रम हो रहा है।




# राजस्थान पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया

**प्रयागराज।** ट्रक में सब्जी के खाली कैरेट के नीचे दबाकर ला रहे थे डोडा पोस्ततस्कर कमलजीत से वर्ष 2011 में ओढां पुलिस ने 33 किलोग्राम अफीम बरामद की थी। फग्गू निवासी शोकी भी नशे के मामले में चर्चित तस्कर है। राजस्थान पुलिस ने सिरसा के बडागुढ़ा थाना क्षेत्र के गांव रघुवाना निवासी कमलजीत उर्फ कुलदीप और रोड़ी थाना क्षेत्र के गांव फग्गू निवासी अशोक उर्फ शोकी को नशे की बड़ी खेप सहित गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी ट्रक में सब्जियों के खाली कैरेट के नीचे नौ क्विंटल 60 किलोग्राम डोडा पोस्त लेकर आ रहे थे। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी की सूचना के बाद बडागुढ़ा, रोड़ी और ओढां से खुफिया तंत्र विभाग ने उनकी कुंडली खंगालनी शुरू कर दी है। जिला विशेष दल हनुमानगढ़ को सूचना मिली थी कि सिरसा निवासी दो तस्कर ट्रक में नशे की बड़ी खेप लेकर जा रहे हैं। इसके बाद विशेष दल व रावतसर पुलिस ने गांव न्योलखी से पल्लू रोड पर नाकाबंदी करते हुए ट्रक को रुकवाया। ट्रक में सब्जियों के खाली कैरेट भरे हुए थे। पुलिस ने जब ट्रक की तलाशी ली, तो उसमें 9 क्विंटल 60 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। दोनों तस्कर उक्त नशीला पदार्थ राजस्थान से कम दामों में खरीदकर हरियाणा में ऊंचे दामों में बेचने वाले थे। तस्कर कमलजीत उर्फ कुलदीप नशीले पदार्थों की तस्करी में लंबे समय से संलिप्त है। आरोपी कमलजीत को ओढां पुलिस ने वर्ष 2011 में गांव ओढां के निकट 33 किलोग्राम अफीम सहित काबू किया था। आरोपी को इस मामले में अदालत ने 12 वर्ष की सजा व एक लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई हुई है। आरोपी जमानत पर आकर फरार हो गया था। दूसरा आरोपी अशोक उर्फ शोकी भी नशा तस्करी में लंबे समय से संलिप्त है।



## पानी से परेशान होकर लोगों ने भाजपा विधायक को कीचड़ से नहलाया, बोले- ये है जरूरी

**गोरखपुर।** महराजगंज जिले में बारिश न होने से किसान परेशान हैं। मान्यता है कि किसी व्यक्ति के ऊपर कीचड़ फेंकने से या उसे नहलाने से इंद्र भगवान खुश होते हैं और बारिश कराते हैं। नगर के पिपरदेउरा की महिलाओं ने सदर विधायक जय मंगल कनौजिया व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल को मंगलवार रात कीचड़ से नहला दिया। महिलाओं ने कहा कि अब इंद्र भगवान खुश होंगे और बारिश होगी। सदर विधायक



जय मंगल कनौजिया ने कहा कि भीषण गर्मी में सभी लोग परेशान हैं। बारिश न होने के कारण धान रोपाई नहीं हो पा रही है। पुरानी परंपरा रही है कि किसी को कीचड़ से नहलाने पर इंद्र भगवान खुश हो जाएंगे और बारिश होगी। इस अवसर पर सभासद सिनोद कुमार, गोपाल शर्मा, हरी सिंह आदि मौजूद रहे बता दें कि बरसात न होने से धान की पौध सूख रहा है, जिससे किसान परेशान हैं। कुछ किसानों ने पंपिंगसेट से खेत की सिंचाई शुरू कर दी है। कहीं-कहीं इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए पूजा-पाठ, कीर्तन किया जा रहा है। इसके साथ ही कई लोगों की ओर से टोटके आजमाए जा रहे हैं। मंगलवार रात को पिपरदेउरा कस्बे में महिलाएं सदर विधायक जय मंगल कनौजिया व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल के शरीर पर कीचड़ पोतकर उन्हें पानी से नहलाया। उनका मानना है कि ऐसा करने से बारिश होगी। यह नजारा देखकर हर कोई हैरान हो गया था। लोगों को एक बार किसी अनहोनी की आशंका हुई, लेकिन जब उन्हें इसके बारे में पता चला तो वे मुस्कुराते हुए चले गए। महराजगंज में मौसम की बेरुखी से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। धान की रोपाई सूखने से किसान परेशान हैं, खेत में लगी पूंजी बर्बाद होने के कगार है। खेत को सूखने से बचाने के लिए किसान पंपिंगसेट से खेत की सिंचाई करने को विवश हैं। नहरों की हालत यह है कि पानी होने पर भी खेत पर नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में किसानों की मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही रही है। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार अभी बारिश के आसार नहीं बन रहे हैं।

## मंडल रेल प्रबंधक ने गाजीपुर सिटी करीमुद्दीनपुर रेल खण्ड के दोहरीकरण कार्यो का किया गहन निरीक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया (वाराणसी)।** मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी श्री रामाश्रय पाण्डेय ने आज बुधवार को गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन से टॉवर वैगन से रवाना होकर गाजीपुर सिटी-करीमुद्दीनपुर रेल खण्ड का गहन निरीक्षण किया।इस अवसर



पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वितीय श्री सत्यम सिंह, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री त्रयम्बक तिवारी,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (ऊँउ) पंकज केशरवानी एवं रेल विकास निगम लिमिटेड के वरिष्ठ इंजीनियर अधिकारी उपस्थित थे। इसके पूर्व मंडल रेल प्रबंधक श्री पाण्डेय ने सड़क मार्ग से गाजीपुर सिटी पहुँच कर गाजीपुर सिटी स्टेशन का व्यापक निरीक्षण किया।उन्होंने सिटी स्टेशन पर यात्री सुख-सुविधाओं यथा विभिन्न श्रेणी के महिला एवं पुरुष प्रतीक्षालयों,फूडस्टाल बुक स्टाल ,सामान्य यात्री हाल, यूटीएस एवं पीआरएस काउण्टर, वाटर बूथ,पैदल उपरिगामी पुल, प्लेटफॉर्म एवं सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण किया और संबंधित को रख-रखाव एवं स्वच्छता के विषय मे निर्देश दिया। इसके साथ ही मंडल रेल प्रबंधक ने सिटी स्टेशन पर परिचालनिक व्यवस्था में संरक्षा के संबंध में स्टेशन मास्टर कक्ष ,पैनल एवं कैरेज कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने आर0वी0एन0एल द्वारा विकसित किये जा रहे अधिकारी विश्रामालय को मंडल के अधीनस्थ कर मेन्टेन करने का निर्देश दिया। मंडल रेल प्रबंधक टॉवर वैगन से करीमुद्दीनपुर पहुँचने के बाद पुश ट्रॉली से करीमुद्दीनपुर-गाजीपुर सिटी खण्ड का पुश ट्रॉली निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने ढोंढाडीह,यूसुफपुर,शाहबाजकुली एवं गाज़ीपुर घाट समेत करीमुद्दीनपुर-शाहबाजकुली रेल खण्ड पर अंतिम चरण में चल रहे दोहरीकरण कार्यों की समीक्षा की और सभी कार्यो को मानक के अनुरूप शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। ट्रॉली निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने इस खण्ड में पड़ने वाले अंडर पास सं 30 समेत सभी समपार फाटकों पर दोहरीकरण के निमित्त बदलावों तथा सिगनलों,चेतावनी बोर्डो एवं सूचना बोर्डो के संस्थापन की जाँच की। इसके साथ ही गाजीपुर सिटी-करीमुद्दीनपुर खण्ड पर चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन पहुंचे। मंडल रेल प्रबंधक ने करीमुद्दीनपुर -गाजीपुर सिटी रेल खण्ड पर पड़ने वाले विभिन्न स्टेशनों पर समुचित यात्री सुख-सुविधाओं के प्रबंधन समेत सार्वजनिक शौचालय एवं स्टेशनों पर पेयजल की निर्बाध आपूर्ति तथा स्टेशनों पर स्वच्छता सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में निर्देश दिया।इस आशय की जानकारी मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने अपनी जारी विज्ञप्ति मे दी है।




## सीएम योगी ने पूर्णिमा पर चढ़ाया रोट का प्रसाद, गुरु की पूजा कर लिया आशीर्वाद

**गोंरखपुर।** योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ की पूजा कर उन्हें 'रोट' का महाप्रसाद चढ़ाया। ये प्रसाद आटा और गुड़ को मिलाकर बनाया जाता है। इसके बाद अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की पूजा करके आशीर्वाद लिया। इसके बाद देव और समाधियों की खास पूजा



की। गोरखनाथ मंदिर में सुबह 6.30 बजे से विशेष आरती हुई, जिसमें विभिनन राज्यों से आए नाथ योगी, संत, महात्मा और गृहस्थ शिष्य भी शामिल हुए। यहां उन्हें गोरक्षपीठाधीश्वर का आशीर्वाद भी मिला। उन्होंने ने कहा कि व्यक्ति को सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए। आशावादी लोग हमेशा सबसे कठिन समय में भी समाधान खोजने का प्रबंधन करते हैं। दूसरी ओर, नकारात्मक लोगों की हर चीज पर पकड़ होती है। मंदिर के सचिव द्वारिका तिवारी के मुताबिक दोपहर से गोरखनाथ मंदिर में भोज शुरू हो गया। गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं। द्वारिका तिवारी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर 5 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए हैं। गुरु पूर्णिमा पर मंदिर परिसर में सुरक्षा के काफी सख्त इंतजाम किए गए हैं। लेकिन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुरक्षा कर्मियों और अधिकारियों को निर्देशित किया है कि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की गाडि़यों की पार्किंग के भी इंतजाम किए गए हैं।गुरु परंपरा के लिए नाथ पंथ की विश्व प्रसिद्ध गोरक्षपीठ बेमिसाल है। पीढ़ी दर पीढ़ी गोरक्षपीठाधीश्वरों ने अपने गुरु से प्राप्त लोक कल्याण की परंपरा को विस्तारित किया है। वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ इसे निरंतर ऊंचाई प्रदान कर रहे हैं। गुरु गम्य मार्ग है। इस लिहाज से गोरक्षपीठ और गुरु पूर्णिमा का अटूट नाता है। गुरु-शिष्य परंपरा इस पीठ के मूल में है। गुरु परंपरा से ही नाथ परंपरा आगे बढ़ी है। यही वजह है कि गोरक्षपीठ गुरु परंपरा के प्रतीक के तौर पर पूरी दुनिया में प्रतिष्ठित है। हर काल में इस परंपरा को कायम रख पीठ ने कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है। शिवावतारी भगवान गोरक्षनाथ ने योग को लोक कल्याण का माध्यम बनाया तो उनके अनुगामी नाथ पंथ के मनीषियों ने लोक कल्याणकारी अभियान को गति दी। गोरखनाथ मंदिर के वर्तमान स्वरूप के शिल्पी ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ थे। लोक कल्याण के लिए उन्होंने शिक्षा को सबसे सशक्त माध्यम बनाते हुए 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की। ब्रह्मलीन महंत ने गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए अपने महाराणा प्रताप महाविद्यालय का एक भवन भी दान में दे दिया था। उनके समय में ही लोगों को हानिरहित व सहजता से उपलब्ध चिकित्सा सुविधा के लिए मंदिर परिसर में आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र की भी स्थापना हुई थी। अपने गुरु द्वारा शुरू किए गए इन प्रकल्पों को अपने समय में उनके शिष्य ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ ने विस्तार दिया। शिक्षा, चिकित्सा, योग सहित सेवा के सभी प्रकल्पों को नया आयाम दिया।ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के शिष्य और वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक कल्याण के लिए अपने दादागुरु द्वारा रोपे और अपने गुरु द्वारा सींचे गए पौधे को वटवृक्ष सरीखा बना दिया है। किराए के एक कमरे में शुरू शिक्षा का प्रकल्प दर्जनों संस्थानों के साथ ही विश्वविद्यालय तक विस्तारित हो चुका है। इलाज के लिए गोरक्षपीठ की तरफ से संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय की ख्याति पूरे पूर्वांचल में है। योग के प्रसार को लगातार गति मिली है। पीठ की गुरु परंपरा में लोक कल्याण के मिले मंत्र की सिद्धि योगी आदित्यनाथ की मुख्यमंत्री की भूमिका में भी नजर आती है।

## मंडल रेल प्रबंघक के दिशा–निर्देश मे विभिन्न स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल ने अमृत महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया (वाराणसी)।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा वाराणसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर आजादी का अमृत महोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डा0 अभिषेक के नेतृत्व में आज बुधवार को मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी क्रम में आज 13֊07֊22 को आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट छपरा द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जेल जाने वाले स्वतंत्रा संग्राम सेनानी स्व0भागवत सिंह निवासी – नराव, गरखा जिला छपरा की पत्नी गीता देवी एवं स्व० ललन प्रसाद निवासी –



शिव बाजार , भगवान बाजार जिला – छपरा की पत्नी –जय मति देवी को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इसी क्रम में आज 13֊07֊22 को आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत रेलवे सुरक्षा बल֊ छपरा द्वारा छपरा एवं छपरा कचहरी रेलवे स्टेशन एवं स्टेशन परिसर में रिक्त भूमि पर शुद्ध पर्यावरण एवं स्वच्छता कायम रखने हेतु वृक्षारोपण किया गया। इसी क्रम में आज बुधवार को आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत सीवान रेलवे स्टेशन एवं प्लेटफॉर्म सं 01 पर जल महोत्सव अभियान चलाकर लगभग 1500 प्यासे यात्रियों को पीने का ठण्डा पानी पिलाया साथ ही मिठाइयाँ खिलाकर आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्दय कायम रखने की अपील की गई। इसी क्रम में आज 13֊07֊22 को आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत रेलवे सुरक्षा बल देवरिया सदर के अधिकारीगण व स्टाफ द्वारा रेलवे स्टेशन देवरिया सदर के सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफार्म नम्बर 01 पर प्रात: 07.30 बजे से 08. 30 बजे तक कुल 15 स्टाफ द्वारा सफाई का कार्य किया गया। इसके साथ ही यात्रियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता कायम रखने में सहयोग करने की शपथ भी दिलाई गई । इसी क्रम में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 13.7.2022 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट टीईसी गोरखपुर (पूर्व) द्वारा एकता दौड़ का आयोजन किया गया जिसमे आर०पी० एस०एफ०के 18 तथा रेलवे सुरक्षा बल के 11 समेत कुल 29 बल सदस्यों ने भाग लिया।इस आशय की जानकारी अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी ने रेलवे की विज्ञप्ति मे दी।

## काशी विश्वनाथ धाम के पास जर्जर मकान का छज्जा गिरा

**वाराणसी।** कोई हताहत नहींश्री काशी विश्वनाथ धाम के पुराने गेट नंबर-1 के पास बांसफाटक में गुरुवार सुबह एक जर्जर मकान का छज्जा सड़क पर गिर गया। संयोग अच्छा रहा कि जर्जर मकान के छज्जे के नीचे कोई श्रद्धालु नहीं मौजूद था, श्री काशी विश्वनाथ धाम के पुराने गेट नंबर-1 के पास बांसफाटक में गुरुवार सुबह एक जर्जर मकान का छज्जा सड़क पर गिर गया। संयोग अच्छा रहा कि जर्जर मकान के छज्जे के नीचे कोई श्रद्धालु नहीं मौजूद था, जिससे हादसा होने से बच गया। प्रशासन ने मकान के आसपास बैरिकेडिंग लगवा कर रास्ता बंद कर दिया है। मकान के नीचे की दुकानों को बंद करवा दिया गया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि जब छज्जा गिरा, तो श्रद्धालु वहां से हट चुके थे। यदि वे छज्जे के नीचे लाइन में लगे रहते, तो उन्हें भी चोट लग सकती थी। बांसफाटक स्थित कोटवलपुरा के बाहर एक साड़ी दुकान के ऊपर की बालकनी अचानक से भरभरा कर सड़क पर गिर गई।

## रंजना पाण्डेय को फिर मिली महिला शिक्षक संघ बलिया की कमान

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया ।** यूपी के प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्या की अध्यक्षता में आयोजित महिला शिक्षक संगठन की वर्चुवल मीटिंग में सर्वसम्मति से पूर्व जिलाध्यक्ष रंजना पांडे को संघ के प्रति उनके कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए पुनः जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।महिला शिक्षक संघ जनपद कार्यकारिणी के एक साल पूर्ण होने के उपरांत नए जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर हुई मीटिंग में प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री द्वारा रंजना पांडेय के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे ब्लॉक कार्यकारिणी ने पूर्ण सहमति दी। रंजना पाण्डेय को पुनः बलिया की कमान सौंपे जाने पर महिला शिक्षक संघ मे हर्ष व्याप्त है।



## टीटीई देगा यात्री के नहीं आने की सूचना तुंरत कंफर्म होगा आरएसी-वेटिंग टिकट

**गोंरखपुर।** एनईआर सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हैंड हेल्ड टर्मिनल मशीन के उपयोग से अनधिकृत बर्थ आवंटन पर अंकुश लगेगा। आरएसी एवं प्रतीक्षा सूची के यात्रियों का टिकट बर्थ उपलब्धता के आधार पर कंफर्म होगा। पूर्वोत्तर रेलवे में जल्द ही टीटीई ट्रेनों में हैंड हेल्ड टर्मिनल मशीन से टिकट की जांच करेंगे। वे कागज का चार्ट लेकर नहीं चलेंगे। टीटीई द्वारा यात्री के न आने की सूचना देते ही आरएसी और रेलवे के 16 टिकट जांच कर्मचारी अपने मंडल में दूसरे कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। यात्रियों को मोबाइल फोन पर दी जाएगी सूचना टिकट जांचने के दौरान टीटीई खाली बर्थ के बारे में जानकारी मशीन में फीड करेंगे। इसके बाद यह संदेश सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम (क्रिस) के पास चला जाएगा। सीट की उपलब्धता के आधार पर पहले आरएसी के यात्रियों की बर्थ कंफर्म हो जाएगी, उसके बाद प्रतीक्षा सूची के यात्रियों



वेटिंग टिकट वरीयता के अनुसार कंफर्म हो जाएंगे। रेल प्रशासन ने 316 ऐसी मशीनें खरीद ली हैं। इन्हें चलाने के लिए 16 टीटीई को ट्रेनिंग भी दी गई है। रेलवे ने पूरे देश में इन मशीनों का उपयोग करने का निणान्य लिया है। इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। वाणिज्य विभाग ने इज्जतनगर मंडल को 29, लखनऊ मंडल को 191 तथा वाराणसी मंडल को 96 मशीनें आवंटित की हैं। पहले चरण में ट्रेनिंग पाने वाले पूर्वोत्तर का टिकट कंफर्म होगा। इसकी सूचना यात्रियों के मोबाइल पर चली जाएगी। एनईआर सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हैंड हेल्ड टर्मिनल मशीन के उपयोग से अनधिकृत बर्थ आवंटन पर अंकुश लगेगा। आरएसी एवं प्रतीक्षा सूची के यात्रियों का टिकट बर्थ उपलब्धता के आधार पर कंफर्म होगा। इससे पारदर्शिता भी बढ़ेगी और साथ ही रियल टाइम बर्थ की उपलब्धता के बारे में पता चल सकेगा।

## काशी में गूंजने लगा बोल बम का जयकारा, बाबा विश्वनाथ का आज से सावन भर झांकी दर्शन

**काशी ।** संपूर्ण सृष्टि के पालनहार और मृत्यु को हरने वाले देव महादेव शिव का सबसे प्रिय मास सावन की शुरुआत हो गई है। काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण के बाद यह पहला सावन है। गंगधार से गंगाधर के दरबार तक बोल-बम का जयकारा लगाते भक्तों की कतार सजी है। कोरोना संक्रमण के दो साल बाद गुरु पूर्णिमा से कांवड़ यात्रा का श्रीगणेश हो गया। शिव की नगरी काशी अब कांवडि़यों के बोल बम से गुलजार हो उठी है। सावन में पहली बार शिवभक्त गंगधार से गंगाधर की राह को बोल-बम से गुलजार है। गंगा सनन करकांवडिया बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करेंगे। सावन में काशीपुराधिपति अपने भक्तों को झांकी दर्शन दे रहे हैं। आज मंगला आरती के बाद से ही बाबा विश्वनाथ के दर्शन पूजन को शिवभक्तों की अनवरत कतार लगी है। श्रद्धालुओं के लिए गंगा घाट से मंदिर तक रेड कार्पेट बिछाया गया है। बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए आने वाले कांवडि़यों और शिवभक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिए टेंट, मैटिंग, कूलर-पंखे और आरओ वॉटर की सुविधा के साथ सामान रखने की लिए भी लॉकर का इंतजाम किया गया है। सावन के लिए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के आस पास के इलाके चौक, गोदौलिया, बांसफाटक, मैदागिन, लक्सा, गिरजाघर में बैरिकेडिंग की गई है। महामृत्युंजय, केदारेश्वर, सारंगनाथ, मारकंडे महादेव मंदिरों में भी सुबह से ही शिवभक्तों का तांता लगा है। शिवालयों की सफाई के बाद झालरों और फूलों से सजाया गया है। मंदिरों के आसपास मदार की माला, धतूरा, बेलपत्र की दुकानें सजी हैं। सावन के महीने में शिवभक्तों पर संयोग की कृपा बरसेगी। 14 जुलाई से 12 अगस्त तक सावन में चार सोमवार पड़ेंगे। पहला 18, दूसरा 25 जुलाई, तीसरा एक अगस्त और चौथा आठ अगस्त को हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य पं. दीपक मालवीय के अनुसार इस बार सावन में सोम प्रदोष व भौम प्रदोष की संयोग भी शिवभक्तों के लिए बेहद खास है। 25 जुलाई यानी सावन के दूसरे सोमवार को कृष्ण पक्ष की द्वादशी युक्त त्रयोदशी मिलेगी। इसके साथ ही सोम-प्रदोष का संयोग बन रहा है।

# साइबर अपराध से बचने के लिए छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनिल कुमार अग्रहरि

**डाला (सोनभद्र)।** आदित्य बिरला इंटर मिडियड कॉलेज के हजारों छात्र छात्राओं को एसेंबली मैदान में बुधवार की दोपहर एक बजे डाला चौकी प्रभारी मनोज कुमार ठाकुर द्वारा साइबर अपराध डिजिटल डिवाइस के द्वारा डिजिटल स्पेश में वर्चुअली किया गया क्राइम, साइबर अपराध कहलाता है, जिसके बारें विस्तृत जानकारी देकर जागरूकता अभियान चलाया गया। श्री ठाकुर ने बताया की भारत मे हर पांचवा व्यक्ति साइबर अपराध से पिडित है, समाज में साइबर अपराध जंगल के आग की तरह फैलता जा रहा है। वर्तमान समय के दौरान इंटरनेट के बिना जीना संभव नहीं है, वहीं कम्प्यूटर, मोबाइल व इंटर नेट हमारी आवश्यकता बन गई है। मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से आज हम घर बैठे विद्युत विल, बच्चों की फीस, रेलवे टीकट, गैस आपूर्ति भुगतान, आनलाइन मार्केटिंग, वर्क टू होम इत्यादि कार्य कर रहे हैं, मोबाइल हमारे जीवन के लिए जीतना उपयोगी है, उतना ही जानकारी के आभाव में एवं गलत प्रयोग करने पर नुकसान पहुचा सकता है, सोशल मिडिया पर गलत पोस्ट शेयर नही कराना है, फेसबुक पर बिना पहचान के मित्रता स्वीकार नही करना चाहिए, बिना जान पहचान के चैट नही करना चाहिए, फेसबुक पर विदेशी लोगों से मित्रता व चैट नही करना चाहिए। फेसबुक चलाते वक्त अपनी प्रोफाइल लाक करके रखें साथ ही फेसबुक समेत किसी भी वेबसाइट पर व्यक्तिगत जानकारी शेयर नही करना चाहिए, बैंक आपको फोन नही करता है, इसलिए अपनी ओटीपी किसी को नहीं बताएंगे।नेट पर बैंक फ्राड से जूडे लोग आन लाइन नंबर फीड करके रखे हुए हैं, गुगल से कस्टमर केयर का नंबर नही लेना है, इनाम के नाम पर आए फोन से वार्ता नही करनी है, आपके वाट्स-अप पर आए किसी अनजान लिकं को क्लिक नही करना है, यदि आप अनजान लिकं को क्लिक कर देते हैं तो आपकी समस्त गोपनीय जानकारी साइबर अपराधी के पास पहुच जाएगा। सोशल मीडिया के माध्यम से वाट्स-अप पर फैलाए जाने वाले अफवाह जो समाज में वैयमनश्यता फैला सकती है ऐसे पोस्ट फार्वड (प्रचार) नही करना चाहिए। इंटर नेट के माध्यम से अश्लील कृत्यों (हनी ट्रैप ) से बचना चाहिए। मेट्रोमोनियन वेबसाइट का उपयोग सावधानी से करें, उस पर डाले गए नंबरो पर विश्वास ना करें यदि कोई पैसे की मांग करता है बिना स्पष्ट पहचान के पैसा ना देवें और ना ही ट्रान्सफार्मर करें, आपको दूसरे का वाई-फाई इस्तेमाल नही करना है। यदि आप साइबर क्राइम के शिकार हो जाते है अपना पैसा पुनः वापस पान के लिए फेसबुक से पोस्ट डिलिट कराने के लिए तत्काल भारत सरकार द्वारा जारी साइबर क्राइम के रोकथाम हेतू हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, प्रत्येक थानों पर साइबर अपराध रोकथाम हेतू हेल्प डेस्क बना हुआ है। एक लाख से अधिक धनराशि का फ्राड होने पर प्रत्येक रेंज में रेज़ साइबर थाना खोला गया है। इस दौरान कालेज के प्रधानाचार्य अतुल पाण्डेय, कार्यालय सहायक रमेश चंद उपाध्याय, वसंत सिहं, अमितेश पाण्डेय, रोहित सिंह, हरिच.द पाण्डेय, राजकुमार चौबे, डा दीपक, अरविंद तिवारी, अनिल पाण्डेय, तुलसी राम, ज्योत्सना चतुर्वेदी, नीता जैन, सरोज सिंह सहित आधा दर्जन पुलिस कर्मी मौजूद रहे ।







# धोखाधड़ी के अपराध में लिप्त वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
आशीष त्रिवेदी

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक श्री घुले सुशील चन्द्रभान द्वारा जनपद में वांछित/वारण्टियों की नियमानुसार गिरफ्तारी एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डॉ0 राजीव दीक्षित के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर श्री पीयूष सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा धोखाधड़ी के अभियोग मु0अ0सं0 426/21 धारा 419/420/467/468/471 भा.द.वि में वांछित अभियुक्त बनारसी पुत्र कर्मचन्द्र निवासी 255 विजयलक्ष्मी नगर थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है। अभियुक्त का नाम व पता- बनारसी पुत्र कर्मचन्द्र निवासी 255 विजयलक्ष्मी नगर थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर अभियोग में वांछित मु0अ0सं0 426/21 धारा 419/420/467/468/471 भा0द0वि0 थाना कोतवाली नगर सीतापुर। **पुलिस टीम थाना कोतवाली नगरः-** 1.उ0नि0 श्री प्रदीप दुबे 2.का0 कपिल कुमार।




# अवैध रूप से संचालित स्कूलों पर शिक्षा विभाग के दो सदस्यीय टीम ने मारा छापा तीन स्कूल हुए बंद

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनिल कुमार अग्रहरि

**डाला (सोनभद्र)।** स्थानीय कोटा ग्राम पंचायत के क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित विद्यालयों पर शिक्षा विभाग के दो सदस्यीय टीम द्वारा छापामारी कर तीन विद्यालय को करवाया गया बंद प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार के दोपहर के करीब खण्ड शिक्षाधिकारी के दो सदस्यीय टीम द्वारा अचानक छापामारी सुरु कर दिया गया जिसके उपरांत विद्यालय को दोषी पाते ही विद्यालय को बंद करा दिया गया। टीम के द्वारा निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को अन्य विद्यालयों में जल्द से जल्द दाखिला करवाया जाए शिक्षा विभाग के इस कार्यवाही से अवैध रूप से संचालित विद्यालयों के संचालकों में अफरातफरी मच गया सूत्रों की मानें तो कुछ दिन पूर्व एक शिकायत कर्ता द्वारा आईजीआरएस पोटल पर नामांकित महाश्वेता समर्पण शिक्षण संस्थान कोटा एस पी मेमोरियल इण्टर कालेज कोटा, व नेशनल हिन्द कान्वेंट स्कूल कोटा, को अवैध रुप से संचालित किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी इसके साथ ही अमान्य विद्यालयों द्वारा बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है शिकायत को लेकर जांच करने पहुचे खण्ड शिक्षाधिकारी चोपन सुनील कुमार ने बताया की जांच के दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा कोई कागजात उपलब्ध नही कराया गया जिसको लेकर तत्काल प्रभाव से विद्यालय को बंद कराकर बच्चों को अन्य सरकारी विद्यालयों में भेजने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही एक सप्ताह के भीतर अभियान चलाकर सभी अमान्य विद्यालयों को बंद करा दिया जाएगा इस दौरान दो सदस्यीय टीम में सुनिल कुमार रजनिश श्रीवास्तव के साथ अन्य प्रा विद्यालय के अध्यापक सामिल रहें ।





# सोन नदी के तटीय इलाकों में अलर्ट, बढ़ सकता है जलस्तर

**सोनभद्र ।** मध्यप्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश की वजह से मध्य प्रदेश स्थित बाण सागर का जलस्तर काफी बढ़ गया है। इसे देखते हुए मध्य प्रदेश सरकार के निर्देश पर बाण सागर बांध के फाटक खोल दिए गए हैं। इससे सोन नदी में जलस्तर बढ़ने की आशंकाओं के मद्देनजर जिले में सोन नदी के तटवर्ती इलाकों में अलर्ट घोषित कर दिया गया है भारी बारिश की वजह से मध्य प्रदेश में स्थित बाण सागर का जलस्तर काफी बढ़ गया है। बांध की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश प्रशासन के निर्देश पर बाण सागर का पानी निकालने के लिए बांध का गेट खोल दिया गया है। जिससे बाण सागर का पानी सोन नदी में आने के कारण सोन नदी के जलस्तर में भी बढ़ोत्तरी होने की आशंका जताई जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से सोन नदी के तटीय क्षेत्र के गांवों जैसे सिंदुरिया, कोटा, रिजुल, करगरा, रेडि.या, पटवध, चोपन, भरहरी, गोठानी, कुड़ारी, चौरा बिजौरा, कोरठ, शिल्पी, नेवारी आदि दर्जनों गांवों के रहवासियों को नदी में न जाने की हिदायत दी गई है। ओबरा तहसीलदार सुशील कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल को सोन नदी के जलस्तर पर ध्यान देने और तटवर्तीय गांवों में जाकर लोगों को अलर्ट करने का निर्देश दिया गया है।

## तीन मिले संक्रमित, 18 हुए स्वस्थ


**सोनभद्र ।** जिले में एक दिन की राहत के बाद बुधवार को फिर तीन कोविड संक्रमित मिले। इस बीच पूर्व में संक्रमित 18 लोग इलाज के बाद स्वस्थ भी हुए हैं। इसके साथ ही जिले में एक्टिव केस अब 10 हो गए हैं। जिले में लगातार पांच दिनों तक कोविड संक्रमित मिलने के बाद एक्टिव केस की संख्या 25 पहुंच गई थी। मंगलवार को कोई संक्रमित नहीं मिला। इस बीच बुधवार को फिर तीन संक्रमित मिले। साथ ही 18 संक्रमित इलाज के बाद स्वस्थ भी हुए। जिसके बाद एक्टिव केस में कमी आई है। इस समय एक्टिव केस 10 हैं। नोडल डॉ. वीके भारती ने बताया कि 1693 लोगों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुईहै। इसमें शहर कोतवाली क्षेत्र की एक 35 वर्षीय महिला, मझवां क्षेत्र का 28 वर्षीय पुरुष और रेलवे कालोनी के 18 वर्षीय युवक की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। तीनों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। कोन ब्लॉक कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राएं स्वस्थ हो गई हैं। जिले में अब तक 12126 संक्रमित मिल चुके हैं। इनमें से 11989 स्वस्थ हुए हैं, जबकि 127 की मौत हुई है।

# अब कहकर नहीं कर के सीखेंगे गणित और विज्ञान

**राबर्ट्सगंज।** शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में बेसिक शिक्षा विभाग परिषदीय और एडेड प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में गणित और विज्ञान की शिक्षा का पैटर्न बदलने जा रहा है। अब विज्ञान और गणित की पढ़ाई केवल थ्योरी यानी किताबों पर आधारित नहीं रहेगी बल्कि विद्यार्थी प्रैक्टिकल के जरिए विषयों को समझेंगे। इसके लिए नई शिक्षा नीति के तहत प्रत्येक विद्यालय के लिए गणित और विज्ञान की किट भेजी जा रही हैं। स्कूलों को मिलने वाले किट में प्रैक्टिकल की सामग्रियां उपलब्ध होंगी। राबर्ट्सगंज, ओबरा, दुद्धी और घोरावल तहसील क्षेत्र में 2061 परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं, जबकि चार प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय एडेड हैं। इसके अलावा नौ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हैं। नई शिक्षा नीति के तहत अब इन विद्यालयों के लिए विज्ञान और गणित की किट भी भेजने की तैयारी है। विद्यार्थी गणित और विज्ञान विषयों को केवल किताबों के जरिए न जानें, बल्कि प्रैक्टिकल करके उनके सूत्रों को समझेंगे। जनपद में गणित और विज्ञान की किट जल्द पहुंचेंगी। किट में विज्ञान और गणित के प्रैक्टिकल संबंधी उपकरण होंगे। शिक्षा विभाग की मानें तो विज्ञान किट की कीमत आठ हजार और गणित किट की कीमत 19 हजार रुपये है। शासन से किट मिलते ही स्कूलों को भेजवा दिया जाएगा। शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।जिले में गणित और विज्ञान की पढ़ाई के लिए किट जल्द आने की संभावना है। सरकार के इस पहल से विद्याथिर्यों का मानसिक विकास होगा। किट मिलते ही स्कूलों को उपलब्ध करा दी जाएगी। हरिवंश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी।

# गुरू के चरणों में झुके शीश दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**सोनभद्र ।** परमहंस आश्रम सक्तेशगढ़ में गुरु पूर्णिमा पर्व पर देश व प्रदेश भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं स्वामी अड़गड़ानंद महराज का दर्शन पूजन कर उनसे आशीर्वाद लिया। ब्रह्म मुहूर्त में महराज ने विभिनन्न आश्रमों से आए साधु, संतों को अपने कक्ष से बाहर निकलकर दर्शन दिया। जैसे ही स्वामी अड़गड़ानंद महराज सत्संग हाल में पहुंचे गुरु महाराज के जय के जयकारे से परिसर गुंजायमान हो उठा। गुरु महाराज के दर्शन पूजन एवं चरण छूने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। चिलचिलाती धूप पर भक्तों की आस्था भारी पड़ी। नंगे पाव तपती जमीन पर खड़े भक्त घंटों अपनी बारी की प्रतीक्षा में लगे रहे। गुरु महाराज की एक झलक पाने के लिए लोगों में होड़ मची रही। दर्शन के बाद आश्रम में आए श्रद्धालुओं ने स्वामी अड़गड़ानंद महाराज की लिखी हुई यथार्थ गीता सहित अन्य पुस्तकों की खरीदारी की। साथ ही श्रद्धालुओं ने आश्रम में चल रहे सत्संग के दौरान फरीदाबाद आश्रम के संत गुरु चरणानंद महाराज, चितनमया नंद, सोहन बाबा, लाले महाराज के साथ ही अन्य संतों के प्रवचन का श्रवण किया। दोपहर में स्वामी जी के दर्शन एवं उनका आशीर्वाद लेने कैशरगंज के सांसद एवं अखिल भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह भी पहुंचे। आश्रम में आयोजित भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।उधर, महर्षि देवरहा हंस बाबा आश्रम में बड़ी संख्या में भक्तों ने गुरु का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। चार बजे सुबह से ही भक्त महुआरी कला स्थित देवराहा हंस बाबा के आश्रम में पहुंचने लगे। भक्तों ने मचान पर गद्दी पर बैठे हंस बाबा का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। दर्शन के बाद भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं तुलसी तलिया गांव स्थित महागुरू विभूति नारायण आसाम नरेश दादू आश्रम में समाधि स्थल पर मोमबत्ती, दीप, कपूर, अगरबत्ती, माला-फूल अर्पित कर गुरु से आशीर्वाद लिया। आश्रम में भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधान सेवक महाराज स्वामी अरुणानंद सरस्वती, जगदीश मालवीय, पंकज नैथानी, कुसुम शर्मा, नंदलाल चौधरी, संजय पासवान, दीपा, नीता, दिनेश, यादव, त्रिलोकी सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे। इसी तरह अष्टभुजा पहाड़ी के नीचे महर्षि महेश योगी वेद विज्ञान पाठशाला परिसर में गुरु पूर्णिमा का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रभारी अनिल सिंह ने गुरु के महत्व के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान आचार्य मुकेश सक्सेना, मधुराज तिवारी आदि मौजूद रहे। उधर, प्राचीन मंदिर बरबटा पटेहरा, डेरवा सुकचरानंद महराज आश्रम, आलू बाबा, विजयपुर के दुर्गा मंदिर व राही बाबा आश्रम डेरवा स्थित बेलाहे महराज आश्रम आदि स्थानों पर गुरु पूजा के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। निफरा में अनंत श्री विभूषित महंत व्राजक परमहंस दंडी स्वामी जलाहारी महाराज की शिष्यों ने पूजा की। महाराज ने भक्तों को गुरुमहिमा की जानकारी दी। इस दौरान दयाशंकर, कमलेश कुमार, सभा शंकर, जटाशंकर, गोपाल पांडेय, बटेश्वर, संगमलाल, शिवसूरत, शिवम, सर्वेश, दिलीप, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे। राम जानकी मंदिर बरबटा में ब्रह्मलीन रामदेवदास महाराज के पादुका का पूजन किया गया।




# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल प्रशिक्षणर्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते यभी सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा विधार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः 31 जुलाई 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्रः– 0532–2695959, 9415608710, 6386474074, 9415608790

आधुनिक समाचार
हिन्दी दैनिक


# भारतीय टीम के हर मैच में स्टेडियम पहुंच रहे धोनी

**नई दिल्ली।** इस बार सैफ अली खान और गार्डन ग्रीनिज के साथ आए नजर भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इनदिनों इंग्लैंड में हैं। इंग्लैंड दौरे पर भारत के पिछले तीन मुकाबलों में नजर आ चुके





हैं। धोनी टी20 सीरीज के दौरान स्टेडियम में दिखे थे। अब पहले वनडे मैच को देखने भी ओवल पहुंचे। इस दौरान उनके साथ वेस्टइंडीज के दिग्गज ओपनर गार्डन ग्रीनिज और बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और उनकी पतने अभिनेत्री करीना कपूर खान भी दिखीं। सोशल मीडिया महान ओपनर ग्रीनिज के साथ धोनी और सैफ अली खान की तस्वीर वायरल हो रही है। करीना कपूर ने ग्रीनिज और सैफ अली खान की तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी में लगाई। इतना ही नहीं, सैफ और करीना के बड़े बेटे तैमूर ने भी इस मैच को देखा। सोशल मीडिया महान ओपनर ग्रीनिज के साथ धोनी और सैफ अली खान की तस्वीर वायरल हो रही है। करीना कपूर ने ग्रीनिज और सैफ अली खान की तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी में लगाई। इतना ही नहीं, सैफ और करीना के बड़े बेटे तैमूर ने भी इस मैच को देखा। सोशल मीडिया महान ओपनर ग्रीनिज के साथ धोनी और सैफ अली खान की तस्वीर वायरल हो रही है। करीना कपूर ने ग्रीनिज और सैफ अली खान की तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी में लगाई। इतना ही नहीं, सैफ और करीना के बड़े बेटे तैमूर ने भी इस मैच को देखा। धोनी सिर्फ सैफ और ग्रीनिज से ही नहीं मिले, बल्कि भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर और चेनन्ई सुपरकिंग्स में साथ खेल चुके पार्थिव पटेल से भी मिले। पटेल और धोनी के साथ ऋषभ पंत भी दिखाई दिए। धोनी को टी20 सीरीज के दौरान भारतीय टीम के साथ देखा गया था। तब उन्होंने दो विकेटकीपर ईशान किशन और ऋषभ पंत के साथ काफी समय गुजारा था। धोनी दोनों को महत्वपूर्ण सलाह देते हुए नजर आए थे। वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में पटौदी परिवार ने ग्लैमर का तड़का लगाया। करीना कपूर ने बताया कि तैमूर ने पहली बार किसी स्टेडियम में जाकर क्रिकेट मैच देखा। इस दौरान उन्होंने काफी मस्ती की। हालांकि, यह मैच शानदार था और तैमूर को स्टेडियम में पहला मैच यादगार रहेगा, जिसमें भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड की टीम को सिर्फ 110 रन पर समेट दिया। सैफ अली खान का क्रिकेट के साथ खास रिश्ता रहा है। उनके पिता मंसूर अली खान पटौदी क्रिकेटर थे और भारतीय टीम के कप्तान भी रहे थे। नवाब पटौदी के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कई रिकॉर्ड दर्ज हैं। तीसरे टी20 मैच को देखने के लिए धोनी स्टेडियम पहुंचे। इस दौरान वह भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री के साथ नजर आए। रविवार (10 जुलाई) को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें धोनी को रवि शास्त्री के साथ बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। कुछ मिनट बाद शास्त्री ने धोनी के साथ एक तस्वीर भी पोस्ट की थी। धोनी की एक और तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थी। वह इस तस्वीर में ऋषभ पंत का मास्क लगाए खड़े हैं। दरअसल, धोनी ने स्टेडियम में एंट्री के लिए एक खास तरकीब अपनाई थी। अपने फैनडम से बचने के लिए वह पंत के मास्क में स्टेडियम में घुसने पर विचार कर रहे थे।

# जसप्रीत बुमराह वनडे में नंबर एक गेंदबाज बने, सूर्यकुमार यादव टी20 में टॉप-5 में पहुंचे

**नई दिल्ली।** आईसीसी की ताजा रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह नंबर एक वनडे गेंदबाज बन गए हैं। वहीं, सूर्यकुमार यादव को टी20 रैंकिंग में फायदा मिला है और वो बल्लेबाजों की रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में कमाल करने वाले जसप्रीत बुमराह को आईसीसी रैंकिंग में भी इसका फायदा मिला है। बुमराह अब वनडे में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 19 रन देकर छह विकेट लिए थे। इसके बाद उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को पीछे छोड़कर वनडे में गेंदबाजों की रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया है। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में बुमराह को पांच पायदान का फायदा हुआ है। टी20 सीरीज के आखिरी मैच में शतक लगाने वाले सूर्यकुमार यादव को भी बल्लेबाजों की रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है और वो बल्लेबाजों की रैंकिंग में पांचवें स्थान पर आ चुके हैं। टी20 में भुवनेश्वर कुमार टॉप 10 में शामिल एकमात्र गेंदबाज हैं। जसप्रीत बुमराह उन तीन गेंदबाजों में शामिल हैं, जो टेस्ट और वनडे दोनों फॉर्मेट की रैंकिंग में टॉप 10 में हैं। बुमराह ने इसी महीने की शुरुआत में इतिहास रचा था और स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में 35 रन बटोर थे। बोल्ट दूसरे स्थान पर खिसके गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में बुमराह के पहले स्थान पर आने के बाद न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट दूसरे स्थान पर खिसत गए हैं। पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी तीसरे और ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड चौथे स्थान पर आ गए हैं। अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान पांचवें स्थान पर आ चुके हैं। इंग्लैंड के खिलाफ तीन विकेट




लेने वाले मोहम्मद शमी को तीन स्थान का फायदा हुआ है और वो 23वें स्थान पर आ गए हैं। विराट और रोहित टॉप 10 में बरकरार बल्लेबाजों की रैंकिंग में विराट कोहली चौथे और रोहित शर्मा पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 76 रन बनाए थे, लेकिन उनकी रैंकिंग में बदलाव नहीं हुआ है। अब उनके पास सीरीज के बाकी मैचों में अच्छा प्रदर्शन कर विराट को पीछे छोड़ने का मौका रहेगा। इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 31 रन बनाने वाले शिखर धवन को एक स्थान का फायदा हुआ है और वो 12वें स्थान पर आ गए हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर को 10 स्थान का फायदा हुआ है और वो 34वें स्थान पर आ चुके हैं। ऑलराउंडर की रैंकिंग में न्यूजीलैंड के स्पिन गेंदबाज मिशेल सैंटनर एक स्थान के फायदे के साथ पांचवें स्थान पर आ गए हैं। वहीं, बांग्लादेश के मेहदी हसन दो स्थान के फायदे के साथ टॉप 10 में पहुंच गए हैं।

# पहले वनडे में लगा ग्लैमर का तड़का, तैमूर के साथ मैच देखने पहुंचे सैफ


**नई दिल्ली।** करीना ने शेयर की तस्वीरभारत और इंग्लैंड के बीच वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में पटौदी परिवार ने ग्लैमर का तड़का लगाया। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान अपने परिवार के साथ लंदन के द ओवल में यह मैच देखने पहुंचे थे। करीना कपूर ने खुद फोटो शेयर कर यह जानकारी दी है। उन्होंने यह भी बताया है कि तैमूर ने पहली बार किसी स्टेडियम में




जाकर क्रिकेट मैच देखा। इस दौरान उन्होंने काफी मस्ती की। हालांकि, यह मैच शानदार था और तैमूर को स्टेडियम में पहला मैच यादगार रहेगा, जिसमें भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड की टीम को सिर्फ 110 रन पर समेट दिया। करीना ने तैमूर की जो फोटो शेयर की है उसमें वो पूरी तरह से अपने पिता की तरह दिख रहे हैं। तैमूर की यह फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। करीना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तीन फोटो शेयर की हैं। पहली तस्वीर में तैमूर स्टेडियम में नजर आ रहे हैं, दूसरी तस्वीर सैफ अली खान की है और तीसरी तस्वीर में सैफ अली खान तैमूर और बाकी दर्शकों के साथ दिखाई दे रहे हैं। स्टेडियम में बतौर दर्शक तैमूर का पहला वनडे मैच भारत के लिए शानदार रहा। इस मैच में टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 10 विकेट से हराया। भारत पहली टीम है, जिसने इंग्लैंड को उसके घर में वनडे में 10 विकेट से हराया है। यह पहला मौका है, जब इंग्लैंड की टीम भारत से 10 विकेट से हारी है। इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 110 रन बनाए थे। इसके जवाब में शिखर धवन और रोहित शर्मा की सलामी जोड़ी ने 114 रन की नाबाद साझेदारी कर मैच अपने नाम कर लिया। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने छह और मोहम्मद शमी ने तीन विकेट लिए। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का दूसरा मैच 14 जुलाई को लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जाएगा। सैफ अली खान का क्रिकेट के साथ खास रिश्ता रहा है। उनके पिता मंसूर अली खान पटौदी क्रिकेटर थे और भारतीय टीम के कप्तान भी रहे थे।

# पहले वनडे मैच में बने कई रिकॉर्ड, रोहित के 250 छक्के पूरे तो बुमराह ने आशीष नेहरा को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला भारत ने 10 विकेट से जीत लिया। इस जीत के साथ भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई और कई रिकॉर्ड बनाए हैं। भारत के कई खिलाडि़यों ने भी खास रिकॉर्ड अपने नाम किए। कप्तान रोहित शर्मा से लेकर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। यहां हम इन सभी रिकॉर्ड के बारे में बता रहे हैं। इंग्लैंड की टीम इस मैच में 110 रन के स्कोर पर आउट हुई। वनडे में यह इंग्लैंड का भारत के खिलाफ सबसे छोटा स्कोर था। इससे पहले वनडे में भारत के खिलाफ इंग्लैंड का सबसे छोटा स्कोर 125 रन था। 15 अक्टूबर 2006 को जयपुर में इंग्लैंड की टीम ने यह स्कोर बनाया था। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इस मैच में 19 रन देकर छह विकेट लिए और एक साथ कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। बुमराह इंग्लैंड की धरती पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में आशीष नेहरा का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 23 रन देकर छह विकेट लिए थे। बुमराह भारत के लिए वनडे में सबसे बेहतरीन गेंदबाजी करने के मामले में तीसरे नंबर पर हैं। उनसे ऊपर स्टुअर्ट बिनने और






अनिल कुंबले का नाम है। बिनने ने चार रन देकर छह विकेट और कुंबले ने 12 रन देकर छह विकेट लिए थे। हालांकि, बुमराह ने आशीष नेहरा के अलावा कुलदीप यादव को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 25 रन देकर छह विकेट लिए थे। वनडे में इंग्लैंड की धरती पर किसी मैच में सबसे अच्छी गेंदबाजी करने के मामले में जसप्रीत बुमराह चौथे नंबर पर हैं। इस मामले में पाकिस्तान के वकार यूनिस पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने 2001 में 36 रन देकर सात विकेट लिए थे। वहीं, विन्सटन डेविस ने 51 रन देकर सात विकेट और गैरी गिलमर ने 14 रन देकर छह विकेट लिए थे। इस मैच में भारतीय तेज गेंदबाजों ने सभी 10 विकेट लिए। वनडे क्रिकेट के इतिहास में यह पहला मौका था, जब पहले गेंदबाजी करते हुए सभी 10 विकेट भारतीय तेज गेंदबाजों ने लिए हैं। वहीं, 1983 विश्व कप फाइनल के बाद यह पहला मौका था, जब इंग्लैंड की धरती पर किसी वनडे मैच में सभी 10 विकेट भारत के तेज गेंदबाजों के नाम रहे। वनडे क्रिकेट के इतिहास में यह छठा मौका था, जब सभी 10 विकेट भारत के तेज गेंदबाजों ने लिए। इससे पहले 2014 में बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर के मैदान पर ऐसा हुआ था। वहीं, पहली बार 1983 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय तेज गेंदबाजों ने यह कारनामा किया था। रोहित शर्मा और शिखर धवन ने इस मैच में 114 रन की नाबाद साझेदारी की। इन दोनों ने वनडे क्रिकेट में 18विं बार शतकीय साझेदारी की। इस मामले में यह जोड़ी रोहित और विराट की जोड़ी की बराबरी पर आ गई है। अब इनसे ऊपर दिलशान और संगकारा का नाम है, जिन्होंने 20 शतकीय साझेदारियां की थी। सचिन और गैंगुली ने सबसे ज्यादा 26 शतकीय साझेदारियां की हैं। इस मैच में रोहित शर्मा ने पांच बेहतरीन छक्के लगाए और वनडे क्रिकेट में 250 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बन गए। वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में उनसे ऊपर सनथ जयसूर्या (270 छक्के) क्रिस गेल (331 छक्के) और शाहिद अफरीदी (351 छक्के) का नाम है। गेंद शेष रहते हुए विपक्षी टीम की जमीन पर यह वनडे में भारत की सबसे बड़ी जीत थी। भारत ने 188 गेंद रहते यह मैच जीत लिया। इससे पहले 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचूरियन में भारत 177 गेंद रहते जीता था। इस मैच में भारत ने इंग्लैंड को पहली बार वनडे क्रिकेट में 10 विकेट से हराया। इससे पहले टीम इंडिया ने दो बार इंग्लैंड को नौ विकेट से हराया था। 2014 में एजबेस्टन के मैदान पर भारत नौ विकेट से जीता था और 1986 में ओवल के मैदान पर भी नौ विकेट से जीत हासिल की थी। इस मैच में रोहित शर्मा और शिखर धवन की जोड़ी ने वनडे में अपने पांच हजार रन पूरे किए। सौरव गांगुली और सचिन तेंदुलकर के बाद यह दूसरी जोड़ी है, जिसने वनडे में पांच हजार रन बनाए हैं। शिखर और रोहित की जोड़ी चौथी सलामी जोड़ी है, जिसने वनडे में पांच हजार से ज्यादा रन बनाए हैं।

# रोहित के छक्के से घायल हुई बच्ची, बुमराह के कीर्तिमान पर कोच द्रविड़ का जश्न

**नई दिल्ली।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। इस जीत के साथ ही भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इंग्लैंड के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए यह भारत की सबसे बड़ी जीत है। टीम इंडिया ने पहली बार इंग्लैंड को वनडे में 10 विकेट से हराया है। इस मैच में

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 110 रन बनाए थे। वनडे में यह इंग्लैंड का भारत के खिलाफ सबसे छोटा स्कोर था। इसके जवाब में रोहित और धवन की सलामी जोड़ी ने 18.4 ओवर में 114 रन बनाकर टीम इंडिया को जीत दिला दी। इस मैच में जसप्रीत बुमराह ने छह विकेट लिए और उनके पांच विकेट पूरे होने पर कोच द्रविड़ ने भी जशन् मनाया। वहीं, रोहित ने इस मैच में कमाल की बल्लेबाजी की और पांच छक्के लगाए। उनका एक छक्का छह साल की बच्ची को भी लगा। हालांकि, उसे गंभीर चोट नहीं आई। यहां हम इस मैच के ऐसे ही खास लम्हें तस्वीरों में दिखा रहे हैं। रोहित शर्मा के छक्के से छह साल की बच्ची मीरा साल्वी घायल हो गई। हालांकि, गेंद बच्ची की पीठ पर लगी थी और उसे कोई गंभीर चोट नहीं आई। मैच के दौरान बच्ची के पिता ने फोटो शेयर कर बताया कि वो पूरी तरह से ठीक है। रोहित शर्मा का अंदाज इस मैच में सभी को बहुत पसंद आया। रोहित ने लंबे समय बाद बड़ी पारी खेली और वो खुद भी अपनी बल्लेबाजी से बेहद खुश नजर आए। उन्होंने मैच से पहले कहा था कि वो आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करेंगे और उन्होंने ऐसा ही किया। इस मैच के दौरान रोहित शर्मा बेहद खुश नजर आए और उनकी हंसी फैंस को बेहद पसंद आई। रोहित एक फोटो सोशल मीडिया में वायरल हो रही है, जिसमें वो बेहद खुश नजर आ रहे हैं। रोहित ने इस मैच में 76 रन की कप्तानी पारी खेली। रोहित शर्मा ने इस मैच में अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में अपने 250 छक्के भी पूरे कर लिए। वो ऐसा करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हैं। वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में रोहित चौथे स्थान पर हैं। इस मामले में शाहिद अफरीदी 351 छक्कों के साथ पहले स्थान पर हैं। इस मैच में जसप्रीत बुमराह ने छह विकेट लिए। उन्होंने वनडे क्रिकेट में दूसरी बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया। बुमराह के पांच विकेट पूरे होने पर कोच द्रविड़ बेहद खुश नजर आए और ताली बजाकर उनकी तारीफ की। द्रविड़ का अंदाज वायरल हो रहा है। इस मैच में मोहम्मद शमी ने भी शानदार गेंदबाजी की और तीन विकेट लिए। शमी और बुमराह की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ही भारत ने इंग्लैंड को 110 रन पर रोका। शमी ने इस मैच में बेन स्टोक्स, जोस बटलर और क्रैग ओवरटन को अपना शिकार बनाया। भारत इंग्लैंड के मैच में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक फैन भी दिखाई दिया।

# भारत ने पाकिस्तान को पीछे छोड़ा, आईसीसी वनडे रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली।** भारत को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे मैच में जीत का फायदा मिला है और अब टीम इंडिया वनडे रैंकिंग में पाकिस्तान से ऊपर आ चुकी है। भारत के पास 108 रेटिंग प्वाइंट हैं, जबकि पाकिस्तान के पास 106 रेटिंग प्वाइंट हैं। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में 10 विकेट की शानदार जीत के साथ टीम इंडिया आईसीसी की ताजा रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गई है। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया है। अब पाकिस्तान की टीम चौथे स्थान पर खिसक गई है। भारत के पास 108 रेटिंग प्वाइंट हैं, जबकि पाकिस्तान के पास 106 रेटिंग प्वाइंट हैं।इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज की शुरुआत से पहले भारत के पास 105 रेटिंग प्वाइंट थे और टीम इंडिया पाकिस्तान के बाद चौथे स्थान पर थी, लेकिन द ओवल में 10 विकेट से बड़ी जीत हासिल करने के बाद भारत को तीन अंकों का फायदा हुआ और अब उसके पास 108 अंक हो चुके हैं। न्यूजीलैंड की टीम 126 रेटिंग प्वाइंट के साथ पहले और इंग्लैंड की टीम 122 रेटिंग प्वाइट्स के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है। पाकिस्तान से भारत का बदला पूरा पिछले महीने पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में शानदार जीत हासिल की थी और भारत को पीछे छोड़कर तीसरा स्थान हासिल किया था। ऑस्ट्रेलियाई टीम श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज हार गई थी। इससे भी पाकिस्तान को फायदा हुआ था, लेकिन यह टीम लंबे समय तक तीसरे स्थान पर नहीं रह पाई और अब भारत ने उसे पीछे छोड़ दिया है। भारत के पास पाकिस्तान पर बढ़त और ज्यादा लंबी करने का मौका है। टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ दो वनडे मैच खेलने हैं।



इसके बाद वेस्टइंडीज में भी तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। इंग्लैंड के खिलाफ बाकी के दोनों वनडे मैच हारने पर भारत फिर से चौथे स्थान पर खिसक सकता है और पाकिस्तान की टीम तीसरे स्थान पर आ सकती है। पाकिस्तान को अगले महीने नीदरलैंड के खिलाफ वनडे मैच खेलना है।

## ओवल में भारत इंग्लैंड वनडे मैच देखने पहुंचा योगी आदित्यनाथ का फैन

**नई दिल्ली।** स्टेडियम में लहराई बुलडोजर की तस्वीरभारतीय गेंदबाजों ने मैच में शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ वनडे में अपना न्यूनतम स्कोर बनाया। 110 से पहले उसने जयपुर में 15 अक्टूबर 2006 को 125 रन बनाए थे। इस मैच में जसप्रीत बुमराह ने सर्वाधिक छह विकेट लिए। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन वनडे मैचों की शुरुआत मंगलवार (12 जुलाई) को ओवल में हुई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गेंदबाजों ने उनके निणर्य को सही साबित किया और इंग्लिश टीम को 110 रनों पर समेट दिया। इस मैच के दौरान एक तस्वीर देखने को मिली जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। दरअसल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रशंसक ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। उसने स्टेडियम में बुलडोजर की तस्वीर भी लहराई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुलडोजर लहारने वाला उत्तर प्रदेश का निवासी है। उसका नाम राहुल शर्मा है और वह इंजिनियर है। राहुल योगी आदित्यनाथ का प्रशंसक है।भारतीय गेंदबाजों ने मैच में शानदार प्रदर्शन किया।

# राशीफल

**मेष-:** आप ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे लेकिन काम का बोझ आपको परेशान करेगा। वित्तीय कल्याण आपके लिए अपनी ज़रूरत की चीज़ें खरीदना आसान बना देगा।

**वृष-:** आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका मन चाह सकता है कि आप कोई नया काम शुरू करें। जिसमें आपको सफलता भी मिलेगी।

**मिथुन-:** कोई शुभ समाचार मिल सकता है। सहभागी व्यवसायों और वित्तीय योजनाओं में हेराफेरी करने में निवेश न करें। आपका ऊर्जावान, जीवंत और गर्मजोशी भरा व्यवहार आज आपके आस-पास के लोगों को खुश कर देगा।

**कर्क-:** आज का दिन अच्छा रहने वाला है. आज अचानक आपका आपा खो सकता है और जीवनसाथी से विवाद हो सकता है। करियर के मामले में आप पर जितनी जिम्मेदारियां आप संभाल सकते हैं

**सिंह-:** बेचैनी की फुसफुसाहट आपको परेशान कर सकती है. इससे बचने के लिए टहलने जाएं और ताजी हवा में गहरी सांस लें। साथ ही सकारात्मक सोच भी बहुत मददगार होगी।

**कन्या-:** आज आप भाग्यशाली रहेंगे। मेडिकल छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। आपको किसी अच्छे डॉक्टर के साथ काम करने का मौका मिल सकता है। पारिवारिक किसी महत्वपूर्ण कार्य के कारण आपको स्टेशन से बाहर।

**तुला-:** तनाव और घबराहट से बचें, क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है. घर में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपकी उपलब्धि परिवार के सदस्यों को उत्साह से भर देगी और आप अपनी सफलताओं की सूची।

**वृश्चिक-:** आज के दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी. आज आप सकारात्मक तरंगों से भरे हुए हैं। अपनी योजनाओं को दूसरों के साथ साझा न करें, अन्यथा दूसरे लोग इसका फायदा उठा सकते हैं।

**धनु-:** अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है. मन जीवन का द्वार है, क्योंकि इससे अच्छा और बुरा सब कुछ आता है। यह जीवन की समस्याओं पर काबू पाने में मददगार साबित है।

**मकर-:** आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है. व्यापार से जुड़ा कोई जरूरी काम आज पूरा हो सकता है। कोई नया काम शुरू करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज आप हर उस व्यक्ति के साथ प्यार से पेश आएंगें।

**कुंभ-:** अपने शरीर से थकान को दूर करने और अपनी ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने के लिए आपको पूर्ण आराम की आवश्यकता है, अन्यथा शरीर की थकान आपके मन में निराशा को जन्म दे सकती है।

**मीन-:** तनाव और घबराहट से बचें, क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है. घर में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपकी उपलब्धि परिवार के सदस्यों को उत्साह से भर देगी और आप अपनी सफलताओं की सूची।

## सम्पादकीय

# मिसाल: रेलवे प्लेटफॉर्म पर रहने वाले सफल बच्चे

अगर सही अवसर और सही समय पर उनकी उचित मदद की जाए, तो गरीब बच्चे समाज के लिए सकारात्मक परिणाम लाकर नायक के रूप में सामने आ सकते हैं। विक्की राय और पंकज गुप्ता जैसे युवा से बहुत लोग भली-भांति परिचित होंगे। विक्की राय जाने-माने फोटोग्राफर हैं और पंकज गुप्ता थियेटर डायरेक्टर और एक्टर हैं। बहुत लोगों ने उन्हें फिल्म ओए लकी, लकी ओए में देखा होगा। जब वह कोरोना महामारी के दौरान जुटाई गई धनराशि से जरूरतमंदों की मदद करने में व्यस्त थे, इसी दौरान 12वीं कक्षा के छात्र गौरव स्कूली बच्चों को शेल्टर में कंप्यूटर का उपयोग करना सिखा रहे थे। इन युवा उद्यमियों का बचपन कठिनाइयों से भरा रहा है। उनका जीवन समाज को बता रहा है कि जो बच्चे सामाजिक ताने-बाने में किसी भी तरह हाशिये पर रहने वाले हैं, अगर सही अवसर और सही समय पर उनकी उचित मदद की जाए, तो वे समाज के लिए सकारात्मक परिणाम लाकर नायक के रूप में सामने आ सकते हैं।गरीबी से परेशान और अपने बड़े भाई से झगड़ों से तंग आकर गौरव बचपन में मध्य प्रदेश के बीना नामक गांव से भाग गए थे। वह बताते हैं, 'अगली शाम जब ट्रेन मथुरा में रुकी, तो मैं उतर गया। स्टेशन पर बच्चों के एक समूह ने, जिसमें कुछ बड़े और कुछ छोटे बच्चे थे, मुझे अकेला देखकर मुझसे दोस्ती की। उन्होंने मुझे खाना और पानी दिया और मैं उनके साथ स्टेशन पर काम करने लगा। हम ट्रेनों में चढ़कर इस्तेमाल की गई प्लास्टिक की बोतलें इकट्ठा करते थे।' चार-पांच महीने तक मथुरा रेलवे स्टेशन ही गौरव का घर था। इसके बाद वह नई दिल्ली आ गए, जहां स्टेशन पर उतरते ही लाजपत नगर में शेल्टर संचालित करने वाली टीम ने उनको अपने संरक्षण में ले लिया। बाद में उन्हें वॉलेट बनाने वाली एक फैक्ट्री में नौकरी मिल गई, लेकिन वहां काम करने से वह बीमार पड़ गए। उन्हें भोजन की तलाश में दिल्ली रेलवे स्टेशन लौटना पड़ा, जहां जीआरपी के एक अधिकारी ने उन्हें सलाम बालक ट्रस्ट में रहने या घर लौटने का विकल्प दिया। वह दिल्ली स्थित तीस हजारी में संचालित डीएमआरसी सलाम बालक शेल्टर होम फैसिलिटी में शामिल हुए, जहां उन्हें प्रताप नगर के एक अंग्रेजी माध्यम के सरकारी स्कूल में दाखिल कराया गया। गौरव वर्तमान में वेल्स इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेकनेलॉजी ऐंड एडवांस्ड स्टडीज, चेनन्ई में समुद्री विज्ञान की पढ़ाई कर रहे हैं।विक्की गौरव से कई साल बड़े हैं। उनकी कहानी पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से शुरू होती है। उन्होंने 11 साल की उम्र में अपनी दादी द्वारा बुरी तरह पीटे जाने के बाद पुरुलिया छोड़ दिया था। विक्की को उम्मीद थी कि वह एक दिन बड़े अभिनेता बनेंगे। इसी उम्मीद में वह दिल्ली पहुंच गए। हालांकि यहां उनका ठिकाना केवल दिल्ली रेलवे स्टेशन ही था। विक्की के जाने-माने फोटोग्राफर बनने का सफर भी सलाम बालक ट्रस्ट के सहयोग से ही पूरा हुआ है। विक्की को 2014 में एमआईटी मीडिया फेलोशिप और 2016 में फोर्ब्स एशिया 30 के अंडर-30 सूची के लिए भी चुना गया था।इसी प्रकार झारखंड के मोहम्मद शमीम ग्यारह साल की उम्र में अपने घर मधुपुर से भाग कर नई दिल्ली चले आए। वह बताते हैं, 'मुझे इतना पता था कि मेरे गांव के कई लोग दिल्ली में काम करते हैं।' शमीम कहते हैं, 'मैं स्टेशन के बाहर एक चिनार के पेड़ के पास खड़ा था, तभी एक आदमी मेरे पास आया और मुझसे पूछा 'पढ़ोगे?' मैंने कहा, 'हां।' शमीम कहते हैं कि उस समय उनके मन में हर तरह की आशंका थी। कहीं कोई उसका गलत इस्तेमाल तो नहीं करेगा? लेकिन उनकी आशंका के विपरीत उनका जीवन बदल गया। सलाम बालक ट्रस्ट में उन्होंने कठपुतली मंचन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। आज शमीम द्वारा बनाई गई कठपुतली इस साल गणतंत्र दिवस परेड में शामिल हुई थी। पंकज के पिता गरीब थे और उत्तर प्रदेश के झींझक इलाके में ढाबा चलाते थे। गरीबी से जूझ रहे पंकज अपने पिता के ढाबे पर काम कर रहे थे, जब पहली बार उनकी मुलाकात सलाम बालक ट्रस्ट (एसबीटी) के सदस्यों से हुई। आज पंकज 32 वर्ष के हो चुके हैं और एक मंझे हुए थियेटर कलाकार और प्रशिक्षक हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अभिनय भी किया है। उन्होंने 2015 से स्वतंत्र रूप से कई नाटकों का निर्देशन किया है। इनमें से यूनीक जर्नी और स्ट्रीट ड्रीम्स खासतौर पर काफी लोकप्रिय हो चुके हैं।

# 3500 टैक्स सहायक बनेंगे एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट

मिलेगी वन टाइम रिलेक्सेशन इस पदोनन्नति के लिए 'ऑल इंडिया सेंट्रल एक्साइज एंड सर्विस टैक्स मिनिस्ट्रियल ऑफिसर एसोसिएशन' लंबे समय से प्रयासरत रही है। संगठन सचिव हर्ष चतुर्वेदी बताते हैं कि गत नवंबर में पदोनन्नति का प्रपोजल, डीओपीटी को भेजा गया था। कभी तो उस फाइल पर कोई ऑब्जेशन लग जाता है, तो कभी कोई दूसरी कमी निकाल दी जाती है। डीओपीटी ने मई में इसे अपनी मंजूरी दी है... केंद्रीय अप्रत्यक्ष एवं सीमा शुल्क, बोर्ड (सीबीआईसी) में लंबे समय से 'टैक्स सहायक' के पद पर काम कर रहे कार्मिकों की पदोनन्नति की राह अब खुलने जा रही है। इस विभाग के लगभग 3500 'टैक्स असिस्टेंट', बहुत जल्द 'एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट' बन जाएंगे। 'वन टाइम रिलेक्सेशन' के आदेश वाली फाइल तैयार हो चुकी है। सीबीआईसी बोर्ड द्वारा तमाम औपचारिकताएं पूरी कर यह फाइल यूपीएससी को भेजी जाएगी। वहां से एक-डेढ़ माह में इस फाइल को मंजूरी मिलते ही 'टैक्स असिस्टेंट' के पद पर कार्यरत कार्मिकों के पदोनन्नति आदेश जारी हो जाएंगे। वित्त मंत्रालय का राजस्व विभाग, पहले ही इस प्रपोजल को सैद्धांतिक मंजूरी दे चुका है। फाइल में कोई न कोई कमी निकाल दी जाती इस पदोनन्नति के लिए 'ऑल इंडिया सेंट्रल एक्साइज एंड सर्विस टैक्स मिनिस्ट्रियल ऑफिसर एसोसिएशन' लंबे समय से प्रयासरत रही है। संगठन सचिव हर्ष चतुर्वेदी बताते हैं कि गत नवंबर में पदोनन्नति का प्रपोजल, डीओपीटी को भेजा गया था। कभी तो उस फाइल पर कोई ऑब्जेशन लग जाता है, तो कभी कोई दूसरी कमी निकाल दी जाती है। डीओपीटी ने मई में इसे अपनी मंजूरी दी है। कायदे से अब तक पदोनन्नति आदेश जारी हो जाने थे, लेकिन दोबारा से कुछ तकनीकी खामियां बताकर मामला लटका दिया गया। अब यह कहा गया कि इसके लिए यूपीएससी से सलाह लें। इसके साथ यह फाइल व्यय विभाग के पास जाएगी। व्यय विभाग का केवल इतना कहना है कि दो साल से सीबीआईसी में जो पद खाली पड़े हैं, उसे रिवाइव करा लें। ऐसा न हो कि वे पद कहीं खत्म हो गए हों। वजह, लंबे समय तक जो पद खाली रहते हैं, वे एक प्रक्रिया के तहत खत्म हो जाते हैं। हालांकि ये भी महज एक औपचारिकता है। अब यूपीएससी को भेजी जाएगी वरिष्ठता सूची संगठन सचिव के मुताबिक विभाग द्वारा यूपीएससी के पास जो फाइल भेजी गई थी, उसमें कई कमियां निकाल दी गईं। यूपीएससी ने वह फाइल बिना मंजूरी के वापस लौटा दी। 'संघ लोक सेवा आयोग' की ओर से कहा गया कि ये प्रपोजल पूरा नहीं है। साथ में 'वरिष्ठता सूची' भेजें। इसके बाद डीजीएचआरडी ने वरिष्ठता सूची तैयार की है।




उसे बोर्ड के पास भेजा गया है। वहां से उसे जल्द ही यूपीएससी के पास भेजा जाएगा। बोर्ड में डीजी एचआरडी ने इसके लिए सारा डाटा कंपाइल किया है। अगर बोर्ड द्वारा पहले ही तमाम औपचारिकताएं पूरी कर प्रपोजल भेजा जाता तो कई माह पहले ही पदोनन्नति आदेश जारी हो चुके होते। जब यह प्रपोजल यूपीएससी के पास जाएगा तो उसके बाद एक डेढ़ माह में उसे वहां से मंजूरी मिलेगी। अगर प्रपोजल हर तरह से पूर्ण है तो संघ लोक सेवा आयोग, मंजूरी देने में विलंब नहीं करता। एसोसिएशन का कहना है कि जब टैक्स सहायक भर्ती हुए थे, तो उन्हें पहली पदोनन्नति तीन साल में दिए जाने की बात कही गई थी। यह नियम सर्विस रूल्स में शामिल था। गत नवंबर में मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नौकरशाह विवेक जौहरी को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उन्होंने पदोनन्नति मामले का जल्द से जल्द निपटारा करने के लिए व्यक्तिगत तौर पर सतत प्रयास किया है। यहां जो अधिकारी इस पदोनन्नति प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार हैं, उन पर सवालिया निशान लगा है। अगर वे समय रहते सारी औपचारिकताएं पूरी कर देते तो पदोनन्नति में इतना विलंब न होता। पहली पदोनन्नति के लिए तीन की जगह लग रहे 10 साल सीबीआईसी में टैक्स असिस्टेंट को पहले तीन साल में प्रमोशन मिलता था, अब 10 साल लग रहे हैं। मौजूदा नियमों के अंतर्गत टैक्स असिस्टेंट को अगर इंस्पेक्टर के पद पर पहुंचना है तो उसे दो तीन दशक का इंतजार करना पड़ सकता है। ऐसे में मुश्किल से दो या तीन प्रमोशन ही मिल सकेंगे। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) में टैक्स असिटेंट को तीन वर्ष में पहला प्रमोशन मिल रहा है। उन्हें अपने सेवाकाल में पदोनन्नति के पांच अवसर मिल रहे हैं, जबकि दोनों विभागों की भर्ती प्रक्रिया एवं योग्यता समान है। ऑल इंडिया सेंट्रल एक्साइज एंड सर्विस टैक्स मिनिस्ट्रियल ऑफिसर एसोसिएशन ने मेरिट बेस्ड प्रमोशन का एक प्रपोजल डीओपीटी को भेजा था। राजस्व सचिव ने भी उसे अपनी मंजूरी दे दी थी। डीओपीटी से फाइल क्लीयर होती है, तो प्रमोशन में लगने वाला दस साल का समय, घटकर पांच वर्ष हो जाएगा। प्रमोशन में यूं पिछड़ रहे सीबीआईसी के टैक्स असिस्टेंट कर्मचारी चयन आयोग 'एसएससी' की सीजीएल की परीक्षा पास करने के बाद वित्त विभाग के अंतर्गत केंद्रीय अप्रत्यक्ष एवं सीमा शुल्क 'सीबीआईसी' और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड 'सीबीडीटी' में टैक्स असिसेंट के पद पर नियुक्ति होती है। सीबीआईसी और सीबीडीटी में इस पद के लिए एक समान योग्यता रखी गई है। भर्ती एजेंसी और परीक्षा का स्वरूप भी एक ही है, लेकिन बात जब प्रमोशन की आती है तो 'सीबीआईसी' के टैक्स असिसेंट, 'सीबीडीटी' के मुकाबले पिछड़ जाते हैं। यहां पर टैक्स असिस्टेंट के पद पर नियुक्त हुआ व्यक्ति तीन साल में सीनियर टैक्स असिस्टेंट बनता है। उसके बाद इंस्पेक्टर बनने का नंबर आता है। दोनों ही विभागों में टैक्स असिस्टेंट के पदों पर चयन, एक परीक्षा और मानकों के तहत होता है। दोनों का काम भी एक ही जैसा होता है। प्रमोशन की बात आती है तो नियम अलग-अलग हो जाते हैं। यहीं से कार्मिकों के बीच भेदभाव की भावना पैदा हो जाती है। सीबीआईसी में तो अब दस साल में पहला प्रमोशन मिलता है। ऐसे में टैक्स असिटेंट के लिए सहायक आयुक्त, अधीक्षक या उपायुक्त के पद तक पहुंचने की संभावना लगभग खत्म सी हो चली है। 2015 से शुरू हुई थी पदोनन्नति की यह दिक्कत साल 2015 में सीबीआईसी ने सीनियर टैक्स असिस्टेंट का पद नाम बदलकर उसे 'एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट' कर दिया था। इस पद तक पहुंचने के लिए कर्मचारी को 10 साल का कार्यकाल पूरा करना होगा। दूसरी तरफ, सीबीडीटी' में टैक्स असिस्टेंट को तीन साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद ही सीनियर टैक्स असिस्टेंट का प्रमोशन मिल जाता है। इतना ही नहीं, सीबीडीटी में सीनियर टैक्स असिस्टेंट बनने वाले कार्मिक को दो साल बाद इंस्पेक्टर के पद पर तरक्की दे दी जाती है। सीबीआईसी में कार्यरत टैक्स असिटेंट को 10 साल में केवल एक प्रमोशन मिल रहा है। संगठन सचिव हर्ष चतुर्वेदी ने बताया, इस तरह के नए नियम बनाने से पहले कार्मिकों की राय नहीं ली गई। दोनों विभागों में टैक्स असिटेंट की भर्ती प्रक्रिया से लेकर उनके काम करने का तरीका एक जैसा है, तो फिर पदोनन्नति को लेकर यह भेदभाव क्यों। 2015 से पहले दोनों ही विभागों में प्रमोशन के नियम एक जैसे थे, लेकिन सीबीआईसी ने प्रमोशन के नियम में बदलाव कर कार्मिकों के बीच भेदभाव पैदा कर दिया है। सीबीआईसी ने 2016 में फिर से बिना स्टेकहोल्डर्स के कमेंट लिए इंस्पेक्टर के पद पर प्रमोशन के लिए कार्यकाल की अवधि को बढ़ाकर दो साल से पांच साल कर दिया। यानी सीबीआईसी में काम कर रहे एक टैक्स असिस्टेंट को 15 साल में दो प्रमोशन मिल रहे हैं। सीबीडीटी में काम कर रहे टैक्स असिस्टेंट को पांच साल में दो प्रमोशन दिए जाते हैं। सेवा नियमों में 'प्रोटेक्शन क्लॉज' शामिल नहीं साल 2015 में जब सीबीआईसी के लिए नए नियम बनाए जा रहे थे, तो उनमें 'प्रोटेक्शन क्लॉज' का प्रावधान ही नहीं किया गया। भर्ती नियमों में यह संशोधन कराने की मांग को लेकर डीओपीटी को पांच बार फाइल भेजी गई थी। एसोसिएशन का आरोप है कि सक्सेसिव लेबल्स पर डायरेक्ट रिक्रूटमेंट नहीं होना चाहिए, डीओपीटी एवं सीबीआईसी ने इस नियम का भी पालन नहीं किया। कार्मिकों को कम से कम आधे समय में पदोनन्नति मिल जाए, यानी वे दस की बजाए पांच साल में पहले प्रमोशन तक पहुंच सकें, इसके लिए 'एक बारगी 'छूट यानी वन टाइम रिलेक्सेशन मिल सकता है। राजस्व सचिव यह छूट प्रदान कर सकता है, लेकिन यहां से भी वह फाइल डीओपीटी के पास जाती है। उसमें डीओपीटी की राय या कमेंट मांगे जाते हैं। नवंबर में राजस्व सचिव की टेबल से मंजूरी पाने के बाद यह फाइल डीओपीटी के पास भेजी गई थी। वहां से मई में मंजूरी मिली है। अगर वन टाइम रिलेक्सेशन मिलता है तो प्रमोशन के लिए लगने वाला समय आधा रह जाएगा।

# कबसे उठ रहा है पसमंदा मुस्लिमों का मुद्दा

भारत में 90 के दशक के अंत में पसमंदा मुसलमानों के हक की आवाज उठाने वाले दो संगठन खड़े हुए थे। ये थे ऑल इंडिया यूनाइटेड मुस्लिम मोर्चा,जिसके नेता एजाज अली थे। इसके अलावा पटना के



अली अनवर ने ऑल इंडिया पसमंदा मुस्लिम महज नाम का संगठन खड़ा किया। ये दोनों संगठन देशभर में पसमंदा मुस्लिमों के तमाम छोटे संगठनों की अगुआई करते हैं। हालांकि कि दोनों को ही मुस्लिम धार्मिक नेता गैर इस्लामी करार देते हैं। पसमंदा मुस्लिमों के तमाम छोटे संगठन उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में ज्यादा मिल जाएंगे। भाजपा कैसे उठा सकती है फायदा भाजपा आगामी चुनावों में अजेय रहने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुझावों के अनुरूप अलग-अलग राज्यों में अपने पक्ष में नई सोशल इंजीनियरिंग की तैयारी कर रही है। इस क्रम में राज्यों में उन जातियों-वर्गों को साधने की रणनीति बन रही है, जिससे जुड़े अधिकांश मतदाता अब तक पार्टी से दूर रहे हैं। दरअसल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पीएम ने भाजपा को अजेय बनाने के लिए विभिनन सामाजिक समीकरणों के साथ और अधिक नए प्रयोग करने का सुझाव दिया है। और खासकर उत्तर प्रदेश में पसमंदा मुसलमानों के बीच पैठ बनाने का सुझाव दिया है। उत्तर प्रदेश में मुसलमान प्रभाव वाली आजमगढ़ लोकसभा सीट पर उपचुनाव में मिली जीत के दौरान पीएम ने हस्तक्षेप किया था। उन्होंने कहा था कि भाजपा को विभिनन सामाजिक समीकरणों के साथ नए प्रयोग करने होंगे। यह पता करना होगा कि बीते आठ वर्षों में सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं से मिले लाभ के बाद उस वर्ग का लाभार्थी क्या महसूस कर रहा है जो अब तक हमसे दूर है। पीएम ने कहा कि आजमगढ़ और रामपुर के नतीजे बताते हैं कि दूसरे दलों द्वारा दलितों, यादवों और अल्पसंख्यकों के साथ साधे गए समीकरण कमजोर पड़े हैं। पर पसमंदा मुस्लिमों पर ही क्यों नजर पीएम ने कहा था कि उत्तर प्रदेश के लिए चुनावी नतीजे और विभिनन स्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर वैज्ञानिक विश्लेषण की जरूरत है। इस क्रम में राज्य में पसमंदा मुसलमानों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। दूसरे दलों से जुड़े उन वर्गों पर भी ध्यान देने की जरूरत है, जिनका संबंधित दलों से आकर्षण कम हुआ है। पीएम ने कहा कि नए सामाजिक समीकरणों के साथ और प्रयोग करने की जरूरत है, जिससे पार्टी के समर्थन का दायरा और बढ़े। यूपी में पसमंदा ही क्यों यूपी में दलित मुसलमान (पसमांद) पर भाजपा की लंबे समय से नजर है। सीएसडीएस-लोकनीति के मुताबिक बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा को मुसलमानों के आठ फीसदी तो सपा को 70 फीसदी वोट मिले थे। यह बीते लोकसभा चुनाव से एक फीसदी ज्यादा था। अमेरिका स्थित प्यू रिसर्च सेंटर के मुताबिक, बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुसलमानों के 20 फीसदी मत मिले थे। उत्तर प्रदेश के एक वरिष्ठ चुनावी रणनीतिकार के मुताबिक वोट देने वालों में ज्यादातर पसमंदा थे, जिन्हें सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों का लाभ मिला था। यूपी में इनकी आबादी 80 फीसदी है। बदली रणनीति का संकेत पीएम मोदी ने राज्यसभा चुनाव में स्वयं इस बात का संकेत दिया था कि भविष्य में भाजपा पसमंदा मुसलमानों पर करेगी। पार्टी ने अगड़े मुसलमानों में शामिल अपने तीनों चेहरों एमजे अकबर, मुख्तार अब्बास नकवी और जफरुल इस्लाम को टिकट नहीं दिया था। चर्चा है कि इसी महीने राज्यसभा में मनोनीत होने वाले सात हस्तियों में एक पसमंदा मुस्लिम वर्ग से होगा। पार्टी ने अरसे बाद इसी वर्ग से जुड़े और सालों से हाशिये पर रहे साबिर अली की सुध ली है।

# 70 साल के सबसे बड़े सूखे की चपेट में इटली

रोम और पुर्तगाल के जंगलों में आगमौसम वैज्ञानिक यूरोप में बिगड़े हालात को जलवायु संकट की शुरुआत के तौर पर देख रहे हैं। उनका कहना है कि बार बार चेतावनी देने के बाद भी अगर मौसम परिवर्तन को लेकर दुनिया सचेत नहीं हुई तो आने वाले दिन इससे कहीं ज़्यादा घातक होने वाले हैं। दुनियाभर से पर्यटक यूरोप में गर्मी की छुट्टियां मनाने आते हैं लेकिन इस बार कई यूरोपीय देशों का हाल गर्मी से बेहाल हो चुका है। खासतौर पर पश्चिम यूरोप में गर्मी की वजह से कई देशों ने इसे राष्ट्रीय संकट घोषित कर दिया है। अगले कुछ हफ्तों तक इससे बचने के लिए अपने नागरिकों और पर्यटकों को चेतावनी दे रहे हैं। यूरोप में रिकॉर्ड गर्मी की वजह से कहीं सूखा तो कहीं जंगलों में आग लगने की खबरें सुखियों में है। वहीं प्रचंड गर्मी से यूरोपीय देशों के पर्यटन को धक्का भी पहुंच रहा है।स्पेन, फ्रांस, इटली, पुर्तगाल, यूके में गर्मी का पारा 37 डिग्री के पार जा चुका है। इन देशों के मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान क़रीब आठ से दस डिग्री तक और बढ़ सकता है। कम से कम अगले दो हफ़्ते तक इस प्रचंड गर्मी से निजात मिलने की संभावना नहीं है।इधर, ठंडे प्रदेशों के लकड़ी के घरों में एसी और पंखे की व्यवस्था नहीं होती है। यहां घरों को भी इस तरह तैयार किया जाता है कि ठंड के मौसम में बाहरी तापमान का असर घर के अंदर नहीं हो। अब ऐसे में आप अंदाजा लगा सकते हैं कि तापमान बढ़ने से यहां लोगों किन तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा होगा।सूरज



की तीखी धूप में बाहर निकलना चुनौती से कम नहीं। वहीं घरों का निर्माण ऐसे भीषण गर्मी को ध्यान में रखकर नहीं किया गया। जिससे घरों के अंदर भी लोग बेहाल हो रहे हैं। यह असंतुलित तापमान का असर ही है कि अब नॉर्वे और स्वीडन में भी एसी व पंखे बिकने लगे हैं।यहां इन चीजों का बाजार बन रहा है। स्वीडिश जलवायु शोधार्थियों ने पहले ही इस बार देश में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी कर दी थी। जिससे यहां के बाजारों में पंखे और एसी उम्मीद से ज्यादा बिकने शुरू हो गये। स्पेन में सरकारी निर्देश, सूखे से जूझ रही इटली स्पेन में हालात की गंभीरता को समझते हुए दिन में समुद्र तटों पर पर्यटकों के जाने की मनाही पहले ही हो चुकी है। हाल में ही स्पेन में पारा 40 डिग्री के पार जाने के बाद स्थानीय प्रशासन ने तपती धूप में समुद्र बीच पर जाने, लेटने, बैठने या सीधे धूप के संपर्क में रहने पर रोक लगा दिया था। ताकि कम से कम लोग लू की चपेट में आए और वे गर्मी से बीमार नहीं हो। पारा औसत से अधिक होने पर दिन में सार्वजनिक कार्यक्रमों और खुले मैदान में बैठने पर भी मनाही कर दी गई। वहीं इटली पिछले 70 सालों के सबसे भयंकर सूखे की मार झेल रहा है। जिससे वहां गर्मी से आपातकाल की घोषणा की गई। इस सूखे की सबसे ज्यादा मार चावल की खेती पर हुई है। लगातार गर्मी और कम बारिश की वजह से धान के खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक़ इटली में पिछले तीस वर्षों की औसत बारिश का आधा भी इस वर्ष नहीं हुआ है। सूखे के कारण देश का 30 प्रतिशत कृषि उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसमें धान की खेती यहां सबसे ज़्यादा बर्बाद हुई है। इसका असर आने वाले दिनों में बाजार की महंगाई पर भी पड़ने वाला है। इंग्लैंड और वेल्स में मौसम विभाग ने अगले दो हफ्तों के लिए हीट अलर्ट जारी कर दिया है। यहाँ आने वाले दिनों में तापमान औसत से ज़्यादा रहेंगे। ऐसे में लोगों को दिन में कम से कम घर से बाहर निकले और शरीर में पानी की कमी नहीं हो इसकी भरपूर व्यवस्था रखने के सुझाव सार्वजनिक तौर पर दिये जा रहे हैं। वहीं सूखे व भयंकर गर्मी की वजह से रोम और पुर्तगाल के जंगलों में आग लग गई। इस वजह से आसपास के इलाकों का तापमान औसत से कहीं ज़्यादा बढ़ चुका है। माना जा रहा है कि तापमान ऐसे ही प्रचंड रहा तो पुर्तगाल में भी गर्मी को राष्ट्रीय संकट घोषित किया जा सकता है। मौसम वैज्ञानिक यूरोप में बिगड़े हालात को जलवायु संकट की शुरुआत के तौर पर देख रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अखनूर सेक्टर में संदिग्ध सिलेंडर बरामद

**जम्मू।** सुरक्षाबल और स्क्वायड मौके पर पहुंचेअखनूर सेक्टर में एक संदिग्ध सिलेंडर मिला है। जानकारी मिलते ही पुलिस और सेना के जवान मौके पर पहुंचे। साथ ही बम स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया है। जम्मू संभाग के अखनूर सेक्टर में एक संदिग्ध सिलेंडर मिला है। जानकारी मिलते ही पुलिस और सेना के जवान मौके पर पहुंचे। साथ ही बम स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह पुलिस थाना क्षेत्र काना चक्क के अंतर्गत पंचायत मलपुर के गांव चंदेल के सुआ नंबर एक के परगवाल रोड के पास एक संदिग्ध सिलेंडर बरामद हुआ है। इस जगह से करीब 100 मीटर की दूरी पर ही सेना की युनिट भी स्थित है। ऐसे में इसकी सूचना मिलते ही सेना के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस और बम निरोधक दस्ते को भी मौके पर बुलाया गया।सुरक्षाबलों ने सड़क को स्थगित कर दिया है। लोगों की आवाजाही पर भी रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही आसपास के क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर कार्रवाई जारी है।

### बिगड़े मौसम के चलते श्री अमरनाथ यात्रा स्थगित

**जम्मू।** सुरक्षित स्थानों पर रोके तीर्थयात्रीपहलगाम और बालटाल, दोनों शिविरों से यात्रा को रोका गया है। बालटाल बेस कैंप से करीब 6 हजार यात्रियों को बालटाल से पवित्र गुफा के मार्ग पर बनाए गए सुरक्षित जगहों पर रोका गया है। प्रदेश में बदले मौसम के चलते श्री अमरनाथ यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। पहलगाम और बालटाल, दोनों शिविरों से यात्रा को रोका गया है। बालटाल बेस कैंप से करीब 6 हजार यात्रियों को बालटाल से पवित्र गुफा के मार्ग पर बनाए गए सुरक्षित जगहों पर रोका गया है। उधर, पहलगाम के नुनवन बेस कैंप से तीन हजार से अधिक यात्रियों को चंदनवाड़ी और उस से आगे सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, मौसम में राहत के बाद ही यात्रियों को आगे बढ़ने की अनुमति दी जाएगी। मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटों तक कुछ जगहों पर हल्की बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई है। बुधवार को पवित्र गुफा में 16 हजार से ज्यादा भक्तों ने किए दर्शन इससे पहले बुधवार को पवित्र गुफा में 16457 भक्तों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। वहीं, यात्रा के दौरान सोनामर्ग के गुंड स्थान पर एक महिला यात्री की मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, लापता 40 यात्रियों में से 32 लोग मिल गए हैं।

# शिवालयों में दो साल बाद फिर से लगेगी भक्तों की कतार, रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजे मंदिर

**नई दिल्ली ।** चांदनी चौक के प्रसिद्ध गौरी शंकर मंदिर को हर साल की तरह इस साल भी फूलों और रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि सावन के सभी सोमवार को भगवान महादेव और मां पार्वती का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। सावन का महीना बृहस्पितवार से शुरू हो गया है। दो साल के बाद भक्त शिवालयों में जाकर भोलेनाथ की उपासना कर पाएंगे। पिछले दो साल कोरोना महामारी के कारण राजधानी के शिवालयों को भक्तों के लिए बंद रखा गया था। लोगों ने घरों में रहकर ही महादेव की पूजा अर्चना की थी। चांदनी चौक के प्रसिद्ध गौरी शंकर मंदिर को हर साल की तरह इस साल भी फूलों और रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि सावन के सभी सोमवार को भगवान महादेव और मां पार्वती का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर के अंदर झांकियां सजाई जाएंगी। दिल्ली पुलिस के जवान यहां पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके अलावा सोमवार को यहां पर स्वयंसेवकों की तैनाती भी की जाएगी। लोगों को लाइन में लगकर और मास्क लगाकर ही मंदिर के अंदर दर्शन करने की इजाजत मिलेगी। झंडेवालान मंदिर के प्रबंधक रविंद्र गोयल ने बताया कि मंदिर में भक्तों के लिए पूरी तैयारी हो चुकी है। मंदिर सुबह चार बजे खुल जाएगा और रात में 10 बजे तक खुला रहेगा। मंदिर को रंगीन लाइटों से सजाया गया है। जनकपुरी स्थित राम मंदिर, तिलकनगर स्थित सात मंजिला, हरी नगर के संतोषी माता मंदिर में भी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। प्रीत विहार स्थित गुफा वाले मंदिर (शिव मंदिर) में खास तैयारियां की गई हैं। मंदिर के प्रधान सुरेन्द्र दीवान ने कहा कि यह यमुनापार का सर्वाधिक प्रसिद्ध व प्राचीन मंदिर है।



# एक्यूआई 450 के ऊपर तो बीएस-4 गाडियों पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली ।** सीएक्यूएम ने तैयार की नई नीतिनीति में कहा गया है कि जब प्रदूषण का स्तर स्टेज थ्री (गंभीर) श्रेणी में पहुंच जाएगा, तब राज्य सरकारें दिल्ली व एनसीआर में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाली चार पहिया गाडि़यों पर प्रतिबंध का प्रावधान है। दिल्ली-एनसीआर में साफ हवा के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने नई नीति तैयार की है। इसके तहत अगर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का पैमाना 450 अंक से ऊपर चला जाता है तो ऐसे में बीएस-4 वाली चार पहिया डीजल गाडि़यों को प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। यह प्रतिबंध दिल्ली के साथ-साथ एनसीआर में भी लागू होगा। हालांकि, इसमें आवश्यक सेवाओं वाली गाडि़यों को छूट दी गई है। नीति में कहा गया है कि जब प्रदूषण का स्तर स्टेज थ्री (गंभीर) श्रेणी में पहुंच जाएगा, तब राज्य सरकारें दिल्ली व एनसीआर में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाली चार पहिया गाडियों पर प्रतिबंध का प्रावधान है। इसके अलावा स्टेज फोर (अति गंभीर) श्रेणी हो जाने पर दिल्ली में ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध और डीजल से चलने वाले मध्यम माल वाहनों पर प्रतिबंध शामिल हैं। हालांकि, इस दौरान आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों पर छूट जारी रहेगी। रिमोट सेंसिंग से होगी एनसीआर में वाहनों के प्रदूषण उत्सर्जन की निगरानी देश में कण प्रदूषण के मामले में वाहन का



योगदान दूसरे स्थान पर है। ऐसे में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने के लिए रिमोट सेंसिंग से गाडि़यों की निगरानी करने की योजना लेकर आया है। इसके जरिए गाड़ी से निकलने वाले उत्सर्जन को दूर से मापा जा सकेगा। वहीं एनसीआर में वैध प्रदूषण नियंत्रण सर्टिफिकेट (पीयूसी) को 100 प्रतिशत तक लागू करना और पुराने वाहनों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना जैसी नीतियां भी शामिल हैं। नीति में कहा गया है कि एनसीआर के अधिकांश हिस्सों में परीक्षण सुविधाओं की कमी के कारण केंद्रीय मोटर वाहन नियम (सीएमवीआर) के तहत फिटनेस परीक्षण मैन्युअल किए जाते हैं। इस क्षेत्र के लिए अधिक पूर्ण स्वचालित, उच्च क्षमता वाले केंद्रीकृत परीक्षण केंद्र स्थापित करने की जरूरत है। एनसीआर और हाईवे पर सीएनजी व एलएनजी ईंधन नेटवर्क के लिए योजना विकसित करने की आवश्यकता है। इससे लंबी दूरी के ट्रक और अन्य वाणिज्यिक वाहनों को गैस स्थानांतरित किया जा सकेगा। इसके अलावा जैसे दिल्ली सरकार ने निजी कंपनी के साथ मिलकर स्क्रैप केंद्र स्थापित किए हैं, वैसे ही केंद्र एनसीआर में व्यापक स्तर पर खोलने की जरूरत है। वहीं डीजल से चलने वाले ऑटोरिक्शा को चरणबद्ध तरीके से खत्म किया जाना चाहिए। किस चरण में क्या रहेंगे बंद -नीति के तहत खराब एक्यूआई में होटल व रेस्तरां में पकने वाले तंदूर में कोयले के प्रयोग व लकड़ी जलाने पर रोक रहेगी। हालांकि, डीजल जनरेटर सेट पर छूट रहेगी। जब एक्यूआई का स्तर अति खराब में पहुंचता है तो स्टेज वन के साथ डीजल जनरेटर सेट पर भी प्रतिबंध रहेगा। गंभीर की श्रेणी में आवश्यक परियोजनाओं (रेलवे, मेट्रो, हवाई अड्डे, आईएसबीटी ) को छोड़कर एनसीआर में निर्माण व विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध लागू करना होगा। साथ ही ईंट भट्ठो, स्टोन क्रशर व खनन संबंधित गतिविधियों पर रोक लगेगी। दिल्ली-एनसीआर में राज्य सरकारें बीएस थ्री पेट्रोल और बीएस फोर डीजल पर रोक लगा सकती है। अति गंभीर या आपातकालीन श्रेणी में पहुंचने पर उपायों के तहत दिल्ली में ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध, पंजीकृत डीजल से चलने वाले मध्यम माल वाहनों व भारी माल वाहनों के चलने पर प्रतिबंध शामिल है।

# वेंडर घर आकर ले जाएगा प्लास्टिक, बदले में देगा गिफ्ट

**नई दिल्ली ।** सिविक सेंटर में एमसीडी के विशेष अधिकारी अश्वनी कुमार की उपस्थिति में बुधवार को करोल बाग जोन की उपायुक्त शशांका आला ने इस पहल की जानकारी दी। इसके लिए एक क्यूआर कोड विकसित किया गया है। मोबाइल के क्लिक से अब प्लास्टिक की छुट्टी हो जाएगी। वेंडर घर आकर प्लास्टिक ले जाएगा और बदले में उपहार देगा। आसान तरीके से प्लास्टिक का पुनर्चक्रण करने के लिए दिल्ली नगर निगम ने स्वयंभू संस्था के साथ मिलकर यह पहल की है। करोल बाग जोन में इसकी शुरुआत की गई है। जल्द ही बाकी जोन में इसकी शुरुआत होगी। सिविक सेंटर में एमसीडी के विशेष अधिकारी अश्वनी कुमार की उपस्थिति में बुधवार को करोल बाग जोन की उपायुक्त शशांका आला ने इस पहल की जानकारी दी। इसके लिए एक क्यूआर कोड विकसित किया गया है। गूगल कैमरे से इस क्यूआर कोड को स्कैन करके अपना प्लास्टिक दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सोमवार से क्षेत्र के विभिनन्‍ आरडब्लूए और मार्केट ट्रेडर एसोसिएशन के साथ मिलकर इसका परीक्षण कराया गया, जिसको लेकर उम्मीद से ज्यादा प्लास्टिक जमा हुआ। अकेले झंडेवालान मार्केट से 368 किलोग्राम



प्लास्टिक प्राप्त हुआ। शशांका आला ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक क्यूआर कोड पहुंचाने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप और सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया जा रहा है। एमसीडी के विशेष अधिकारी अश्वनी कुमार ने इस पहल को कारगर बताया। उन्होंने इसे सभी 12 जोन में शुरू करने के लिए कहा है। घर आने से पहले फोन करेगा वेंडर घर आए वेंडर को दूध, चिप्स के पैकेट, अन्य प्लास्टिक कचरा दिया जा सकता है। वेंडर घर आने से पहले फोन करेगा। सुबह 11 से रात आठ बजे के बीच जब आप घर पर उपलब्ध हों, वह घर आकर कचरा ले जाएगा। स्वयंभू संस्था 75 माइक्रोन तक के प्लास्टिक का पुनर्चक्रण करती है। यह मिलेंगे उपहार दो किलो या उससे ज्यादा मात्रा में प्लास्टिक देने पर उपहार के तौर पर फूलदान, टी-शर्ट या और भी दूसरे तरह के उपहार दिए जाएंगे। इन तीन स्टेप को अपनाना होगा स्टेप 1 : मोबाइल पर गूगल कैमरे से क्यूआर कोड को स्कैन करना है। एक लिंक सामने आएगा। उस पर क्लिक करना है। स्टेप 2 : मोबाइल स्क्रीन पर 'लेट्स अपसाइकल प्लास्टिक' का पेज खुल जाएगा, वहां एक प्रशन्‍ पूछा जाएगा कि क्या आप सूखे कचरे को अलग रखने में रुचि रखते हैं? नीचे तीन विकल्प आएंगे। हां, नहीं और कचरा अलग रखने का फायदा क्या है? हां, के विकल्प को चुनते ही स्क्रीन पर अगला पेज खुलेगा। स्टेप 3 : यहां अपना नाम, फोन नंबर और पता लिखते ही यह जानकारी दी जाएगी कि 48 घंटे में आपका प्लास्टिक कचरा प्राप्त कर लिया जाएगा।यह अच्छा प्रयास है, बाकी डीसी भी अपने जोन में इसका इस्तेमाल करें। लोगों को जागरूक करने के लिए काम करें, क्योंकि प्लास्टिक के पुनर्चक्रण से ही ईको-सिस्टम मजबूत होगा।

# चढ़ा सियासी पाराः हरक के बाद हरिद्वार में हरीश रावत की एंट्री

**हरिद्वार।** लोकसभा से सियासी जमीन टटोलकर एक दिन पहले ही लौटे पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के बाद बुधवार को अचानक से पूर्व सीएम हरीश रावत की हरिद्वार में एंट्री ने सियासी पारे को और चढ़ा दिया है। फेरूपुर में अचानक उनका स्वागत कार्यक्रम हुआ। खुद के स्वागत कार्यक्रम में हरदा ग्रामीणों की तारीफ



करते नहीं थके। हालांकि, हरक सिंह रावत के हरिद्वार से लोकसभा लड़ने की मंशा जाहिर करने के सवाल पर चुप्पी साध गए। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत ने मंगलवार को धर्मनगरी में पहुंचकर हरिद्वार लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई। रावत ने कांग्रेस के कई दिग्गजों के साथ पहुंचकर हरीश रावत को भी घेरने के लिए बिसात बिछाने का काम किया है ताकि वह हरिद्वार से लोकसभा सांसद बनकर अपनी सक्रिय राजनीति शुरू कर सकें, लेकिन उनके हरिद्वार से लौटने के अगले ही दिन पूर्व सीएम हरीश रावत आनन-फानन में फेरूपुर में स्वागत कार्यक्रम में पहुंच गए। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत ने मंगलवार को धर्मनगरी में पहुंचकर हरिद्वार लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई। रावत ने कांग्रेस के कई दिग्गजों के साथ पहुंचकर हरीश रावत को भी घेरने के लिए बिसात बिछाने का काम किया है ताकि वह हरिद्वार से लोकसभा सांसद बनकर अपनी सक्रिय राजनीति शुरू कर सकें, लेकिन उनके हरिद्वार से लौटने के अगले ही दिन पूर्व सीएम हरीश रावत आनन-फानन में फेरूपुर में स्वागत कार्यक्रम में पहुंच गए। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी के लोगों को पंचायत चुनाव में जीताने की अपील की है। कहा कि भाजपा को सबक सिखाने का यह एक मौका है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में जो भी पार्टी विरोधी कार्य करेगा, उसे पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देहरादून के भाजपा के लोग उनके और हरिद्वार के लोग उनकी बेटी अनुपमा रावत के पीछे पड़े हैं, जबकि लोगों से उनका कुछ बिगड़ने वाला नहीं है।

# युवाओं की रगों में नशे के सौदागर घोल रहे जहर

**उत्तराखंड।** देश के भविष्य संग खिलवाड़ की गवाह ये तस्वीरेंदेवभूमि उत्तराखंड की गलियों में नशे के सौदागर युवाओं की नसों में जहर घोल रहे हैं। इसकी तस्दीक पुलिस की हाल के वर्षों में हुई कार्रवाई भी कर रही है। पुलिस ने करीब ढाई साल में चार हजार से ज्यादा नशा



तस्करों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए, लेकिन इस सख्ती के बावजूद नशा तस्करी के मामले भी बढ़ रहे हैं। राज्य गठित होने के बाद से उत्तराखंड में तमाम नए शिक्षण संस्थान और औद्योगिक संस्थान खुले हैं। एकाएक यहां बाहर से आने वाले लोगों की संख्या में भी इजाफा होने लगा है। पढ़ने लिखने के लिए देशभर के युवाओं ने भी उत्तराखंड के कई शहरों का रुख किया। इन सबके बीच नशे के सौदागरों ने भी अपने पैर पसारने शुरू कर दिए। युवाओं को लक्ष्य मानकर उत्तर प्रदेश, हिमाचल, हरियाणा और पंजाब के बड़े नशे के सौदागरों ने अपनी टीम उतारनी शुरू कर दी। इस बीच पुलिस भी कार्रवाई करती रही, लेकिन इनकी संख्या में कमी आने के बजाय इजाफा होने लगा। पुलिस की कार्रवाई पर गौर करें तो वर्ष 2020 में राज्य में नशा तस्करी के 1282 मुकदमे दर्ज किए गए। इनमें 1490 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। अगले वर्ष 2021 में मुकदमों की संख्या में 50 फीसदी की बढ़ोतरी हो गई। राज्य में 1802 मुकदमे दर्ज हुए। इनके तहत पुलिस ने 2165 नशा तस्करों को जेल भेजा। वहीं, अगर इस वर्ष के शुरुआती पांच महीनों की बात करें तो 537 मुकदमे दर्ज कर पुलिस ने 669 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। चार क्विंटल से ज्यादा हुई चरस बरामद बीते करीब ढाई साल में पुलिस ने प्रदेशभर में कार्रवाई के दौरान 400 किलो यानी चार क्विंटल से भी अधिक चरस बरामद की, जबकि स्मैक 37 किलो से अधिक बरामद की गई। इनमें एसटीएफ की बढ़ी कार्रवाइयां शामिल हैं। इसके अलावा गांजा, डोडा, भांग अफीम की मात्रा अलग है। इस बीच नशीले कैप्सूल और गोलियों व इंजेक्शनों को भी बड़ी मात्रा में बरामद किया गया है। राजधानी में तस्करों का सबसे बड़ा लक्ष्य रहता है। यहां पर शिक्षण संस्थानों को निशाना बना तस्कर बड़ी मात्रा में धंधे को बढ़ा रहे हैं। हालांकि, बीते छह माह की बात करें तो देहरादून पुलिस ने 224 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है।

# तीन साल में मेट्रो फेज-4 के तीन कॉरिडोर पर दौड़ने लगेंगी ट्रेने

**नई दिल्ली ।** यात्रियों का सफर होगा आसानतीन साल में मेट्रो फेज-4 के तीन कॉरिडोर पर दौड़ने लगेंगी ट्रेनें, यात्रियों का सफर होगा आसानअगले तीन साल में मेट्रो फेज-4 के तीन कॉरिडोर पर ट्रेनें दौड़ने लगेंगी। सबसे पहले वर्ष 2024 में मौजपुर-मजलिस पार्क (सबसे



छोटा कॉरिडोर) के बीच सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी। वर्ष 2025 में फेज-4 के तीनों कॉरिडोर पर सेवाएं शुरू होने से एक बड़ी आबादी के लिए आवागमन में सहूलियतें बढ़ जाएंगी। इन पर मेट्रो का परिचालन शुरू होने पर रोज एक लाख से अधिक यात्राएं होने की संभावना जताई जा रही है। मेट्रो फेज-4 परियोजना के तहत करीब 65 किलोमीटर के दायरे में तीन कॉरिडोर तैयार किए जा रहे हैं। मौजपुर-मजलिस पार्क के बीच 12.55 किलोमीटर के दायरे में 27 फीसदी से आगे निर्माण कार्य चल रहा है। 28.92 किमी में जनकपुरी (पश्चिम)-आरके आश्रम के बीच 32.40 फीसदी जबकि 23.62 किमी लंबे तुगलकाबाद-एयरोसिटी पर भी 12.37 फीसदी निर्माण पूरा हो गया है। मौजपुर-मजलिस पार्क के बीच पिंक लाइन के विस्तार के बाद यह देश का पहला मेट्रो रिंग कॉरिडोर बन जाएगा। फिलहाल शिव विहार से मजलिस पार्क के बीच पिंक लाइन पर मेट्रो का परिचालन हो रहा है। विस्तार के बाद दिल्ली मेट्रो का पूरा नेटवर्क बढ़कर 400 किमी से भी अधिक हो जाएगा। पिछले दिनों के दौरान इन कॉरिडोर पर पेड़ों की कटाई और कोविड-19 के दौरान श्रमिकों की कमी से निर्माण कार्य प्रभावित होने के कारण काम तयशुदा वक्त से पीछे चल रहा है। डीएमआरसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, मौजपुर-मजलिस पार्क पर निर्माण की राह में अगर रुकावट नहीं आती है तो वर्ष 2024 तक रिंग कॉरिडोर पर ट्रेनें चलने लगेंगी। पिंक लाइन पर ड्राइवरलेस मेट्रो का परिचालन किया जा रहा है। डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक विकास ने बताया कि ड्राइवरलेस मेट्रो के परिचालन से सेवाएं पहले से और बेहतर हुई हैं। फेज-4 के सभी कॉरिडोर पर भी ड्राइवरलेस मेट्रो का ही परिचालन होगा। साल के अंत तक 100 फीसदी क्षमता से चलेगी मेट्रो के अधिकारियों के मुताबिक, दुनिया की तमाम मेट्रो सेवाएं अपनी पूरी क्षमता से करीब 20 फीसदी कम पर चल रही हैं। दिल्ली मेट्रो में भी यात्रियों की संख्या बढ़ने के बाद क्षमता की तुलना में 76 फीसदी यात्राएं हो रही हैं। कोविड-19 के दौरान दिल्ली मेट्रो की सेवाएं भी करीब साढ़े पांच महीने तक बंद रहीं। सेवाओं की शुरुआत के बाद भी काफी दिन तक बंदिशों के साथ मेट्रो चली। धीरे-धीरे संख्या में बढ़ोतरी हो रही है और दिसंबर तक सौ फीसदी क्षमता के साथ दोबारा मेट्रो के पटरी पर लौटने की उम्मीद है।

# अभयारण्य की दीवार बनने तक सांभर के विस्थापन पर रोक

**नई दिल्ली ।** सुरक्षा के लिहाज से लिया फैसलासभी सांभर हरिणों को असोला भाटी अभयारण्य में विस्थापित किया जाएगा। हालांकि, इससे पहले अभयारण्य की दीवार के बनने का इंतजार करना होगा। फिलहाल दीवार का निर्माण कार्य चल रहा है। दिल्ली गोल्फ क्लब से सांभर हिरणों के विस्थापन पर



फिलहाल रोक लग गई है। दिल्ली सरकार के वन एवं वन्यजीव विभाग ने हिरणों की सुरक्षा के लिहाज से योजना को रोक दिया है। अधिकारियों का कहना है कि जब तक अभयारण्य की दीवार बनकर तैयार नहीं होती, तब तक हिरणों का विस्थापन नहीं किया जाएगा। एक अधिकारी के मुताबिक, बीते वर्ष गोल्फ क्लब के अधिकारियों ने वन विभाग से सांभर हिरणों को अभयारण्य में विस्थापन के लिए अनुरोध किया था। अधिकारियों का कहना है गोल्फ क्लब में वन्यजीवों की आबादी में वृद्धि देखी जा रही है। वर्तमान में यहां 30 से 40 सांभर हिरण हैं, जो कि गोल्फ कोर्स की घास को नुकसान पहुंचा रहे हैं। गोल्फ क्लब के अधिकारियों का कहना था कि सदियों के महीनों में, जब भोजन कम होता है, तो हिरण घास खाना शुरू कर देते हैं। इससे क्लब के रखरखाव की लागत बढ़ जाती है। वहीं, वन विभाग के एक अधिकारी का कहना है कि अभयारण्य की दीवार हरियाणा की तरफ खंडित है। ऐसे में चिंता इस बात की है कि वहां से गुजरने वाली सड़कों पर हिरण को चोट लग सकती है या मौत हो सकती है। अधिकारी का कहना है कि सभी सांभर हरिणों को निश्चित रूप से असोला भाटी अभयारण्य में विस्थापित किया जाएगा। हालांकि, इससे पहले दीवार के बनने का इंतजार करना होगा। फिलहाल, दीवार का निर्माण कार्य चल रहा है। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के अनुसार, बीते छह वर्षों में कम से कम पांच तेंदुओं की पास से गुजरने वाली सड़क पर दुर्घटना में मौत हुई है। वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर भारी यातायात प्रवाह वाली तीन प्रमुख सड़कें हैं। इसमें सूरजकुंड-फरीदाबाद रोड, गुड़गांव-फरीदाबाद रोड, और महरौली-बदरपुर रोड शामिल है। इसके अलावा दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर से फरीदाबाद के मांगर गांव तक भी एक रास्ता अभयारण्य से होकर गुजरता है। वन विभाग ने अप्रैल में हिरण के एक जोड़े को गोल्फ क्लब से अभयारण्य में विस्थापित कर दिया था, लेकिन भीषण गर्मी ने बाकी हिरणों के विस्थापन में बाधा उत्पनन्‍ की। हिरण को न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ प्राकृतिक वातावरण की आवश्यकता होती है। अधिकारियों का कहना है कि स्थानांतरण से तेंदुओं के शिकार में सुधार होगा। बता दें कि 2010 से 2019 के बीच राजस्थान वन विभाग ने दिल्ली गोल्फ क्लब से रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में कई सांभर हिरण को विस्थापित किया था। असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य दक्षिणी दिल्ली में 32.71 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। यह उत्तरी अरावली तेंदुए वन्यजीव गलियारे का हिस्सा है, जो राजस्थान के सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान से दिल्ली रिज तक फैला हुआ है।

# दो साल से बेटी को हवस का शिकार बना रहा था बाप


**उत्तराखंड।** ऐसे हुआ खुलासा, रुला देगी पीडि़ता की आपबीतीबेटियां घर के बाहर ही नहीं घर में भी असुरक्षित हैं। ऐसे कई मामले पहले भी आ चुके हैं जिन्होंने रिश्तों की पवित्रता को तार-तार किया है। ऐसा ही एक मामला



रुड़की जिले के भगवानपुर में आया है। यहां एक बाप ने अपनी बेटी को दो साल तक हवस का शिकार बनाया। भगवानपुर क्षेत्र में नाबालिग बेटी से पिता द्वारा दो साल तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने किशोरी के स्कूल की प्रधानाचार्य की तहरीर पर छात्रा के पिता के खिलाफ दुष्कर्म और पोक्सो के तहत केस दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। छात्रा का मेडिकल कराया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि बिहार के जिला रोहतास के थाना नटवार क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति अपनी परिवार के साथ भगवानपुर के एक गांव में किराए पर रहता है। वह एक फैक्टरी में टेकनीशियन का काम करता है। उसकी बेटी क्षेत्र के एक स्कूल में पढ़ती है। बेटी को देता था जान से मारने की धमकी आरोप है कि आरोपी पिता दो साल से नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करता आ रहा था। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता था। पिता की हरकतों से परेशान होकर मंगलवार को छात्रा ने अपने स्कूल के प्रधानाचार्य और मां को मामले की जानकारी दी। मां के पैरों तले खिसक गई जमीन छात्रा की बात सुनकर प्रधानाचार्य और मां के पैरों तले जमीन खिसक गई। प्रधानाचार्य और मां छात्रा को लेकर भगवानपुर थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। साथ ही प्रधानाचार्य की ओर से छात्रा के पिता के खिलाफ तहरीर दी गई। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर छात्रा के पिता के खिलाफ दुष्कर्म और पोक्सो समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# फैशन के मामले में उर्फी ने किया फिर नया प्रयोग, रस्सी से बना ब्रा टॉप पहनकर साझा किया वीडियो

**नई दिल्ली ।** मॉडल एक्ट्रेस उर्फी जावेद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपने स्टाइल, फैशन और कपड़ों को लेकर इंटरनेट पर तहलका मचाती नजर आती हैं। उर्फी की ड्रेस अक्सर चर्चा का विषय रहती हैं। कभी वह बोरी से बने कॉस्ट्यूम पहन कर तस्वीरें साझा करती हैं तो कभी अपनी साड़ी को काटकर ही कोई स्टाइलिश पोशाक बना लेती हैं। एक बार फिर उर्फी अपने कपड़ों की वजह से मीडिया की सुर्खियों में हैं। कपड़ों के साथ प्रयोग करने के मामले में उर्फी जावेद का कोई जवाब नहीं है। हाल ही में उन्होंने एक खास बिकिनी टॉप में अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया है। फैंस को उनका यह अंदाज काफी पसंद आ रहा है। बता दें कि उर्फी जावेद इन दिनों किसी रिजॉर्ट में छुट्टियां मना रही हैं। इस दौरान वह खूब नए-नए लुक ट्राई कर रही हैं। इसी कड़ी में उन्होंने एक ब्रा टॉप में वीडियो साझा की है। बता दें कि उर्फी ने यह वीडियो अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की है। वीडियो में उर्फी पिंक कलर की एक रिवीलिंग ब्रा पहने हुई हैं। ऐसा लग रहा है कि यह ब्रा जैसे किसी रस्सी से बनी हुई है। वीडियो थोड़ा छोटा है। इसमें उर्फी का पूरा लुक तो नहीं दिख रहा है, लेकिन रस्सी से बनी हुई उनकी ब्रा देखी जा सकती है। इसके अलावा इसमें दिखाई दे रहा है कि उर्फी जिस जगह पर हैं, वहां बारिश हो रही है और उर्फी बारिश का लुत्फ उठा रही हैं। बता दें कि वीडियो में उर्फी ने जो ब्रा पहनी है उसका डिजाइन तो अजीब है ही, वह सिर्फ एक डोरी पर टिकी है। इस ब्रा टॉप में कोई स्ट्रैप्स भी नहीं है। इतनी बोल्ड ब्रा उर्फी जावेद ही पहन सकती हैं। इस ब्रा टॉप के साथ उर्फी का मेकअप भी कमाल का है। उन्होंने पिंक लिपस्टिक, काजल, मस्कारा और ब्लशर लगाकर अपना लुक कंप्लीट किया है। उर्फी इस लुक में बेहद प्यारी लग रही हैं।




# करोड़ों की संपत्ति की मालकिन हैं तेलुगू फिल्मों की ये अभिनेत्रियां

**नई दिल्ली ।** देश में भले हमेशा से बॉलीवुड फिल्मों और हिंदी सिनेमा के कलाकारों का दबदबा हो, लेकिन अब देशभर में साउथ कलाकारों की लोकप्रियता भी काफी बढ़ चुकी है। बीते कुछ समय से सिनेमाघरों पर साउथ इंडस्ट्री की फिल्में ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। ऐसे में अब साउथ के कलाकारों भी देशभर में लोकप्रिय हो चुके हैं। साउथ फिल्म इंडस्ट्री खासकर तमिल और तेलुगू के कलाकार बीते कुछ समय में काफी शोहरत हासिल कर चुके हैं। इन्हीं कलाकारों में तमिल और तेलुगू फिल्मों में काम वाली अभिनेत्रियां भी शामिल हैं। ये अभिनेत्रियां आज कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस को टक्कर देती नजर आ रही हैं। तो आइए जानते है साउथ की इन अभिनेत्रियों में कौन कितना अमीर है। इंडस्ट्री की मशहूर अदाकारा अनुष्का शेट्टी तमिल और तेलुगू फिल्मों में काफी लोकप्रिय है। अपने अभिनय से लोगों का दिल जीत चुकी अनुष्का शेट्टी आज इंडस्ट्री की हाईएस्ट पैड एक्ट्रेसेस में शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अनुष्का शेट्टी की मासिक आय ड़ेढ़ करोड़ से ज्यादा है। इसके अलावा वह अपनी हर के लिए 4 से 5 करोड़ रुपये तक की फीस लेती हैं। एक्ट्रेस की नेटवर्थ की बात करें तो अभिनेत्री 119 करोड़ की संपत्ति की मालकिन हैं। साउथ फिल्म इंडस्ट्री की एक और मशहूर अदाकारा तमनन भाटिया साउथ ही नहीं बॉलीवुड इंडस्ट्री में भी काफी लोकप्रिय हैं। तमिल तेलुगू फिल्मों के साथ ही बॉलीवुड फिल्मों में नजर आ चुकी तमनन भाटिया नेटवर्थ के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री हर महीने करीब डेढ़ करोड़ रुपए कमाती हैं। वहीं एक्ट्रेस की फीस की बात करें तो तमनन एक फिल्म के लिए 4 से 5 करोड़ रुपए और एक आइटम सॉन्ग के लिए 50 लाख से ज्यादा की फीस चार्ज करती हैं। एक्ट्रेस की नेटवर्थ की बात करें तो तमनन भाटिया 111 करोड़ रुपए की संपत्ति की मालकिन हैं। तमिल और तेलुगु फिल्मों की लोकप्रिय अदाकारा सामंथा रुथ प्रभु भी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। अपने अभिनय और खूबसूरती से हर किसी का दिल जीतने वाली सामंथा अपनी एक फिल्म के लिए तीन से चार करोड़ रुपए चार्ज करती हैं। वहीं एक्ट्रेस की मासिक आय की बात करें तो रिपोर्ट के मुताबिक अभिनेत्री एक महीने में 70 लाख से ज्यादा की कमाई करती हैं। मौजूदा समय में सामंथा की नेटवर्थ की बात करें तो एक्ट्रेस के पास 89 करोड़ रुपए की संपत्ति है। इन दिनों अपना मदरबोर्ड इंजॉय कर रही साउथ एक्ट्रेस काजल अग्रवाल भी इंडस्ट्री की टॉप अभिनेत्रियों में शामिल हैं। एक बड़ी फैन फॉलोइंग रखने वाली काजल अग्रवाल हर महीने 55 लाख की कमाई करती हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो एक्ट्रेस एक फिल्म के लिए 3 से 4 करोड रुपए चार्ज करती हैं। वहीं उनकी नेटवर्थ की बात की जाए तो काजल अग्रवाल के पास कुल 86 करोड़ रुपए की संपत्ति है। हाल ही में शादी के बंधन में बंधीं साउथ एक्ट्रेस नयनतारा तेलुगू- तमिल फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करती हैं। अपनी अदाकारी और खूबसूरती के लिए मशहूर नयनतारा भी नेटवर्थ के मामले में किसी अन्य अभिनेत्री से कम नहीं हैं। एक्ट्रेस हर महीने एक करोड़ से ज्यादा की कमाई करती हैं। इसके अलावा फिल्मों में उनकी फीस की बात की जाए तो वह एक फिल्म के लिए चार से पांच करोड़ की मोटी रकम वसूलती हैं।



# जीवन में मेरा कभी 'प्लान बी' रहा ही नहीं मेरा बस 'प्लान ए' ही है और वह है एक्टिंग

**नई दिल्ली ।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के रिलीज के साथ ही अब हिंदी में भी रिलीज होने की परंपरा के पहले से कुछ हिंदी फिल्में ऐसी बनती रही हैं, जिनके मूल भाषाई संस्करण ओटीटी या यूट्यूब पर उपलब्ध हैं। ऐसी ही एक फिल्म है राजकुमार राव की अगली फिल्म 'हिट द फर्स्ट केस'। शाहिद कपूर की फिल्म 'जर्सी' और शिल्पा शेट्टी की फिल्म 'निकम्मा' के न चलने की वजह यही बताई गई कि इन रीमेक की मूल फिल्में लोगों ने अपने मोबाइल पर पहले ही देख लीं। राजकुमार राव के लिए उनकी नई फिल्म 'हिट द फर्स्ट केस' बॉक्स ऑफिस पर उनका अपना 'टेस्ट केस' भी है। हालांकि राजकुमार कहते हैं कि वह पिछली फ्लॉप फिल्मों का 'प्रेशर' लेने की बजाय नई फिल्म की ओपनिंग पर ज्यादा फोकस करते हैं। राजकुमार राव से 'अमर उजाला' की एक खास बातचीत। हां, मैंने भी अमेजन प्राइम वीडियो पर पर दो साल पहले ये फिल्म देखी थी। मुझे इसकी कहानी बहुत अच्छी लगी। शैलेश ने बताया कि वह इसको हिंदी में बनाकर अधिक दर्शकों तक पहुंचाना चाहते हैं। उनके मुताबिक उन्होंने कहानी में काफी बदलाव किए हैं और कहानी को एक नई ताजगी के साथ पेश किया है। मैंने भी फिल्म की कहानी देखने के साल भर से ज्यादा वक्त बाद इसकी शूटिंग शुरू की तो मैं भी कहानी भूल चुका था और मेरे लिए ये फिल्म एकदम नई कहानी है। मुझे लगता है कि हर फिल्म की अपनी किस्मत होती है। आपको सिर्फ एक अच्छी फिल्म बनाने की जिम्मेदारी मिली है तो हमने इस फिल्म में बखूबी वह जिम्मेदारी निभाई है। हमारी कोशिश यही है कि हम एक बहुत अच्छी फिल्म बहुत ही ईमानदारी से बनाएं। सबने बहुत ही मेहनत से काम किया है। अब रिलीज के बाद थियेटर में क्या होगा? बाक्स ऑफिस रिपोर्ट क्या होगी, यह बात न तो आपको पता है और न ही मुझे 'प्रेशर' तो नहीं होता बस थोड़ी जिज्ञासा होती है कि शुक्रवार को कैसी ओपनिंग मिलेगी? मेरा मानना है कि 'प्रेशर' उस चीज का लो जो आपके हाथ में हो। फिल्म चलेगी कि नहीं चलेगी यह आपके हाथ में नही होता है। यह दर्शकों के हाथ में होता है इसलिए 'प्रेशर' लेकर कोई फायदा नहीं होता है। फिल्म को बनाने के दौरान अगर किसी एक की भी नीयत खराब हो जाए तो गड़बड़ हो जाती है और वह स्क्रीन पर दिखता है। सिनेमा के चलने के लिए अच्छी नीयत का होना बहुत जरूरी है। 'न्यूटन' में हम सबकी ऐसी नीयत थी कि एक अच्छी कहानी कहनी है। लेकिन उसमे अगर कोई आकार कहता कि इसमें एक डांस नंबर बढ़ा देते हैं तो फिल्म खराब हो जाती। अगर आपने 'बधाई दो' देखी है तो वहां फिल्म ऐसे मोड़ पर एंड कर रहे हैं, जहां सभी इमोशनल है और फिल्म खत्म होने के बाद एक ढिंचैक सॉन्ग चला दें तो सब खराब हो जाएगा। जहां मुझे लगता है कि मेरी बात सुनी जाएगी वहां ऐसे मौकों पर मैं सुझाव दे देता हूं लेकिन जहां लगता है कि मेरी बात नहीं सुनी जाएगी, वहां कुछ नहीं बोलता। कभी इस पर मैंने गौर नहीं किया। ऐसा लोग बोलते रहते हैं कि अगर तुम फिल्म में हो तो फिल्म अच्छी होनी चाहिए। काम अच्छा होगा, कुछ क्वालिटी होगी तो हम फिल्म देखने आएंगे। इन सब बातों से और मेहनत करने की हिम्मत बढ़ती है। लगता है कि लोगो की उम्मीदों पर और खरा उतरना है। और अपने आप से भी यही उम्मीद होती है कि जब मौका मिले, हर फिल्म में कुछ अलग करना है। जितना हो सके दोहराव से बचना चाहिए क्योंकि वह बहुत बोरिंग होता है। जिम्मेदारी तो अच्छा काम करके ही निभेगी। इसका कोई दूसरा रास्ता नहीं है। अगर अच्छी कहानी नहीं करूंगा, अच्छे से मेहनत नहीं करूंगा तो जिम्मेदारी चली जाएगी। लोग मेरी फिल्में देखना बंद कर देंगे फिर काम करने का कोई फायदा नहीं होगा। आप घर पर बैठकर खुद देखने के लिए फिल्में नहीं बना रहे हैं। आप जो भी काम करे कोशिश यही होनी चाहिए कि वो दर्शकों तक पहुंचे। हर कलाकार यही चाहता है। अगर दर्शकों की अपेक्षाएं आप से बढ़ रही हैं तो उसे आपको छोड़ना नहीं है कभी। नहीं, अभी तो पूरा ध्यान सिर्फ एक्टिंग पर ही है। और इसी पर ही केंद्रित रखना है। दूसरा बिजनेस करने का ख्याल इसलिए अभी तक नहीं आया क्योंकि मैं सोचता हूं, जो अभी कर रहा हूं, उसी पर मेरा पूरा फोकस रहे। ऐसा नहीं हो पाता है कि शूटिंग से थक-हार के आओ फिर बिजनेस के लिए मीटिंग करो। मेरा कभी प्लान बी रहा ही नहीं। मेरा प्लान ए ही रहा है शुरू से, और वह एक्टिंग ही है। हंसल मेहता के साथ तो शुरू से ही बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। उनके साथ सिर्फ कारोबारी ही नहीं बल्कि पारिवारिक रिश्ता रहा है। ऐसा नहीं है कि काम हो तो ही उनसे मिलें। अभी अनुभव सिन्हा के साथ मैंने एक फिल्म 'भीड' पूरी की है। उनके साथ भी ऐसा रिश्ता बन गया है। अगर मैं जल्दी फ्री हो जाता हूं तो उनको फोन कर देता हूं। हम मिलते हैं, कॉफी पीते है और दुनिया भर के इधर उधर की बातें करते हैं मैंने सुभाष चंद्र बोस की बायोपिक सीरीज की थी, 'बोस डेड/अलाइव'। इसके लिए मुझे अपना वजन बढ़ाना था। जब उस फिल्म के लिए गंजा हुआ तो लोग कह रहे थे कि गंजे होने की क्या जरूरत है, विग पहन लेते, अगर दोबारा बाल नही आए तो क्या होगा।



# सपना चौधरी के पति ने फ्लॉन्ट की अपनी टोन्ड बॉडी, फैंस बोले- भाई कमाल कर दिए

**नई दिल्ली ।** हरियाणवी स्टार सपना चौधरी अक्सर अपने गाने और वीडियोज को लेकर चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस आए दिन किसी न किसी वजह से सुखियों में रहती हैं। अपने गाने और डांस के अलावा वह अक्सर अपने पति वीर साहू के साथ रोमांटिक अंदाज में भी नजर आती हैं। अक्सर लाइमलाइट में रहने वाली सपना एक बार फिर सुखियों में हैं, लेकिन इस बार सुखियों की वजह अभिनेत्री नहीं बल्कि उनके पति हैं। दरअसल हाल ही में सपना के पति ने सोशल मीडिया पर अपना बॉडी ट्रांसफॉरमेशन शेयर किया है, जो सामने आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया है। सपना चौधरी के पति वीर साहू ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना एक नया वीडियो शेयर किया है। सामने आए इस वीडियो में वीर की बॉडी का काफी फिट और मस्क्यूलर नजर आ रही है। वीडियो में वीर अपनी टोन्ड बॉडी फ्लॉन्ट करते दिख रहे हैं। वीर साहू का यह स्वैग देख जहां फैन हैरान हैं तो वहीं उनकी फिट बॉडी और हैंडसम लुक को भी लोग बेहद पसंद भी कर रहे हैं। वीर के इस वीडियो में एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, वाह मेरी जान, भाई कमाल कर दिए। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने लिखा- हाय क्या डोले शोले है सर आपके। एक यूजर ने कमेंट किया, नाइस लुक। एक अन्य यूजर ने लिखा सुपर साहू जी। इसके अलावा फैंस लगातार फायर और दिल इमोजी पोस्ट कर वीर साहू के इस वीडियो पर अपना प्यार लुटा रहे हैं। इतना ही नहीं खुद सपना चौधरी ने भी अपने पति का यह वीडियो लाइक किया है। वीर साहू लोगों के बीच काफी मशहूर हैं। पेश से सिंगर वीर साहू के गाने लोगों को काफी पसंद आते हैं। उनका पिछला गाना छोरा गाम का काफी हिट हुआ था।



# ओटीटी पर मौजूद हैं देशभक्ति की भावना जगाने वाली ये पांच वेब सीरीज, देखकर आपको भी होगा गर्व महसूस

**नई दिल्ली ।** डिजिटल युग में लोग सिनेमाघरों से ज्यादा ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को तवज्जो देने लगे हैं। यही वजह से कि मेकर्स ओटीटी पर लगभग हर शैली के कंटेंट बनाने में जुट गए हैं। मौजूदा समय में ओटीटी पर आपको क्राइम, एक्शन से लेकर देशभक्ति की भावना जगाने वाले कंटेंट भी देखने को मिल जाएंगे। अगर आपको भी देशभक्ति से जुड़े कंटेंट पसंद है तो आपको ये पांच वेब सीरीज जरूर पसंद आएंगी। मनोज बाजपेयी की इस वेब सीरीज के दो सीजन रिलीज किए जा चुके हैं। सीरीज में मनोज एक अंडर कवर एजेंट के साथ एक परिवारिक इंसान के रुप में भी नजर आए थे। इस सीरीज की कहानी काफी दमदार है जो आपको जरुर पसंद आएगी। अगर अब तक आप यह सीरीज नहीं देख पाए तो इसे जरुर देख सकते हैं। यह सीरीज देश प्रेम पर आधारित है। इस सीरीज के जरिए एक महिला सेना अधिकारी की देशभक्ति को दिखाने की कोशिश की गई है। सीरीज की कहानी काफी दमदार है जिसे देखने के बाद आप इसकी तारीफ करते नहीं थकेंगे। सीरीज में निमरत कौर और अक्षय ओबेरॉय लीड रोल में नजर आए थे। इसका निर्देशन विनय वायकुल और नागेश कुकुनूर ने किया था। आईएमडीबी पर इस सीरीज को 8.4 रेटिंग मिली है। इस सीरीज में उन 21 जाबांज सिख सैनिकों की कहानी दिखाई गई है जिन्होंने 10 हजार अफगानों लड़ाई लड़ी थी। इस सीरीज को देखने के बाद आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। इस कहानी पर बॉलीवुड भी फिल्म बना चुका है। फिल्म का नाम केसरी था जिसमें अक्षय कुमार लीड रोल में नजर आए थे। इस सीरीज में आजाद हिंद फौज बारे में दिखाया गया है। सीरीज के उस वक्त की आजाद हिंद सेना को मौजूदा समय से जोड़ते हुए एक सैनिक के नजरिए और अनुभव को दिखाने की कोशिश की गई है। रिलीज के बाद इस सीरीज को लोगों ने काफी पसंद किया था। इस वेब सीरीज में दो ऐसे सैनिकों कि कहानी दिखाई गई है जिन्हें युद्ध बंदी बनकर रहना पड़ा और जब दोनों की वतन वापसी हुई तो परिवार में उन्हें अजीबोगरीब स्थितियों का सामना करना पड़ा। इस वेब सीरीज की कहानी को लोगों ने काफी पसंद किया था।




# रानी चटर्जी ने जिम वेयर में शेयर की तस्वीरें वर्कआउट ग्लो में बेहद खूबसूरत लगीं एक्ट्रेस

**नई दिल्ली ।** भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री देश भर में लोकप्रिय हो चुका है। भोजपुरी फिल्मों और गानों के साथ ही भोजपुरी कलाकार भी दर्शकों के बीच काफी मशहूर हो चुके हैं। यही वजह है कि भोजपुरी कलाकारों की फैन फॉलोइंग आज किसी भी मामले में कम नहीं है। भोजपुरी सिनेमा के लोकप्रिय कलाकारों में से एक हैं अभिनेत्री रानी चटर्जी। एक्ट्रेस आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती हैं। फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने वाली रानी चटर्जी सोशल मीडिया के जरिए भी फैंस से जुड़ी रहती हैं। उनके फैंस बेसब्री से उनकी तस्वीरें और वीडियोज का इंतजार करते हैं। इसी क्रम एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की गई इन तस्वीरों में एक्ट्रेस जिम में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री को देख लग रहा है कि उन्होंने वर्कआउट के बाद अपनी इन तस्वीरों को क्लिक किया है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर तीन तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनके चेहरे पर वर्कआउट का ग्लो बेहद साफ नजर आ रहा है। जिम वेयर में शेयर की गई इन तस्वीरों में एक्ट्रेस बेहद सिंपल लेकिन खूबसूरत दिख रही हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए रानी चटर्जी ने कैप्शन में लिखा, आज सेल्फी मुस्कुराहट आपकी ताकत है। इसके साथ ही उन्होंने कई सारे हैशटैग्स भी शेयर किए हैं। कुछ देर पहले ही शेयर की गई अभिनेत्री की तस्वीरों को उनके फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। फैंस इन तस्वीरों पर कमेंट और लाइक कर लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई लोग जहां उनकी सादगी की तारीफ कर रहे हैं तो वहीं कई उनकी खूबसूरती को देख दिल हार बैठे हैं। बता दें कि एक दौर में अपने वजन के लिए ट्रोल होने वाली रानी चटर्जी आज फिटनेस के मामले में कई बड़ी अभिनेत्रियों को टक्कर देती नजर आती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपनी वर्कआउट और जिम की तस्वीरें फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। करियर की बात करें तो भोजपुरी क्वीन कही जाने वाली रानी चटर्जी ने फिल्म ससुरा बड़ा पईसावाला से इंडस्ट्री में एंट्री ली। इसके बाद से ही रानी भोजपुरी इंडस्ट्री का जाना माना नाम बन गईं। उन्होंने अब तक लगभग 300 फिल्मों में काम किया है।



# मालिनी लगाएगी इमली पर बच्ची की किडनैपिंग का आरोप अनुज के घर आएगी छोटी अनु

**नई दिल्ली ।** सीरियल के चटपटे और मसालेदार ट्विस्ट दर्शकों में अगला एपिसोड देखने के लिए एक्साइटमेंट बढ़ाते रहते हैं। हर सीरियल में रोज कुछ न कुछ नया देखने को मिलता है, जिसकी वजह से लोगों में अपने पसंदीदा सीरियल को देखने और उसकी आगे की कहानी जानने के लिए उत्सुकता बनी रहती है। इस समय भी सीरियल की दुनिया में मेकर्स एक के बाद एक धमाकेदार ट्विस्ट एंड टर्न्स लेकर आ रहे हैं। तो चलिए जानते हैं क्या है आज का सीरियल अपडेट सीरियल अनुपमा में इस समय जहां एक तरफ अधिक और पाखी को लेकर रोज कोई न कोई नया ट्विस्ट आ रहा है, वहीं बरखा और बाकी सभी को एक और झटका लगने वाला है, क्योंकि काफी समय से अनुज और अनुपमा बेटी गोद लेने के प्लानिंग कर रहे थे, जो अब पूरी हो चुकी है और अब अनुज के घर छोटी अनु आने वाली है। सीरियल इमली में मालिनी का एक और सच सामने आ चुका है। जो बच्ची इमली बाहर से उठाकर लाई थी, वह मालिनी की ही बेटी है लेकिन मालिनी उसे नकार देती है, जिसके बाद आर्यन बच्ची को लेकर अस्पताल जाता है और इमली भी वहीं मौजूद होती है। इसी बीच मालिनी पुलिस लेकर वहां पहुंचती है और इमली पर बच्ची की किडनैपिंग का आरोप लगाती है। सीरियल भाग्य लक्ष्मी के मौजूदा ट्रैक में बलविंदर पर फोकस चल रहा है। वहीं आयुष गिलास में ट्रुथ सीरम मिलाता है...ताकी बलविंदर सब कुछ सच-सच बोल दे। जैसे ही बलविंदर ऋषि की बातों के जवाब देना शुरू करता है मलिष्का को लगता है कि ट्रुथ सीरम ने असर दिखाना शुरू कर दिया है, वह इसी को लेकर डर जाती है। इसी के चलते अब मलिष्का बलविंदर को रास्ते से हटाने का प्लान बनाएगी। ल ये रिश्ता क्या कहलाता है में अक्षरा अभिमन्यु से उसकी सगाई की अंगूठी के बारे में पूछेगी लेकिन अभिमन्यु को लगता है कि उसने रिंग खो दी है। वहीं आरोही कहती है कि वो इस बार रेस में अभिन्यु को हरा देगी और सबसे बड़ी सर्जन बनेगी, वहीं अस्पताल में विहान की तबियत खराब हो जाती है। विहान के माता-पिता अभिमन्यु पर बच्चे के प्रति लापरवाह होने का आरोप लगाते हैं। यह सब देखकर आरोही डर जाएगी कि उसने विहान को गलत दवा दे दी है। इतने में अक्षरा आरोही से टकराएगी। सीरियल ये है चाहतें में स्टेज पर नाटक परफॉर्म करने के समय पीहू के ड्रेस खराब हो जाती है, जिसकी वजह से पीहू परेशान हो जाती है। उसकी ड्रेस गिरने ही वाली होती है कि लेकिन इसी दौरान राज आता है और उसकी ड्रेस पकड़ लेता है। वहीं नाटक का डायरेक्टर ये देखकर गुस्सा हो जाता है कि राज स्टेज पर क्या कर रहा है। जिसके बाद निर्देशक नाटक बीच में खराब करने के लिए राज को डांटता है, तब पीहू बताती है कि ये सब उसने उसकी गरिमा को बचाने के लिए किया है और निर्देशक को फटी हुई ड्रेस दिखाती है।




स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

**नोट:-** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?


**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायो मे अगस्त 2021मे प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर्स, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कन्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया मे प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय मे सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए
visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुलसीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करें :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274